


हिन्दी दैनिक

# पथ प्रवाह

RNI No.: UTTHIN/2011/39282

निर्भीक, निष्पक्ष, सच का प्रवाह



वर्ष:5 अंक:146 पृष्ठ:08 मुल्य:1 रूपये

pathpravah.com

हरिद्वार, मंगलवार, 02 जून 2026



# मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने 276 अभ्यर्थियों को बांटे नियुक्ति पत्र

**पथ प्रवाह, देहरादून**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय स्थित मुख्यसेवक सदन में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में विभिन्न विभागों के चयनित 276 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इनमें वन विभाग के 109, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग के 88, प्राविधिक शिक्षा विभाग के 65 तथा नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग के 14 अभ्यर्थी शामिल हैं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने सभी नवचयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नियुक्ति पत्र केवल एक उपलब्धि नहीं, बल्कि जनसेवा के नए दायित्व की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि वर्षों के परिश्रम, अनुशासन और धैर्य के बाद युवाओं को यह सफलता मिली है, जो उनकी योग्यता और समर्पण का प्रमाण है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने भर्ती प्रक्रियाओं को पारदर्शी, निष्पक्ष और जवाबदेह बनाने के लिए ठोस कदम उठाए हैं। नकल माफियाओं और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए प्रदेश में सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया गया है, जिससे अब युवाओं की सफलता का आधार केवल मेरिट है।

उन्होंने बताया कि पिछले साढ़े चार वर्षों में लगभग 33 हजार युवाओं को पारदर्शी प्रक्रिया के तहत सरकारी सेवाओं से जोड़ा गया है। उन्होंने नवचयनित कार्मिकों से अपेक्षा की कि वे ईमानदारी, संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करते हुए जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग के कार्मिक प्रदेश के सुनियोजित विकास में योगदान देंगे, जबकि प्राविधिक शिक्षा विभाग के युवा तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास को नई दिशा देंगे। महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग के कार्मिक मातृ एवं बाल कल्याण से जुड़े कार्यों को सशक्त बनाएंगे तथा वन विभाग के युवा राज्य की जैव विविधता और वन संपदा के संरक्षण में अहम भूमिका निभाएंगे।

नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत-2047 के संकल्प का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड भी विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रदेश में आधारभूत संरचना का विस्तार, निवेश में वृद्धि और युवाओं के लिए नए अवसर सृजित किए जा रहे हैं।

कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, धन सिंह रावत, रेखा आर्या, खजान दास, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, विधायक सविता कपूर सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दी विकास और निर्माण कार्यों के लिए 191 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति



पथ प्रवाह, देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा कुम्भ मेला-2027 की तैयारियों के साथ ही राज्य के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में अवस्थापना सुविधाओं के विकास के तहत बाढ सुरक्षा कार्यो, विभिन्न सड़कों एवं शासकीय आवासों के निर्माण तथा सार्वजनिक सुविधाओं से संबंधित योजनाओं के लिए 191 करोड़ की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई हैं।

मुख्यमंत्री ने जनपद देहरादून के रायपुर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत प्रभावित क्षेत्र में सांग नदी के चैनलाईलेशन हेतु 3.62 करोड़, विकासनगर कॉलोनी में नलकूप निर्माण हेतु 63.62 लाख स्वीकृत किये जाने के साथ ही जनपद हरिद्वार में पुराना दिल्ली नीतिपास राज्य मार्ग एवं हरिद्वार, शहर लोक निर्माण विभाग के अधीन अन्य आन्तरिक मार्गो के निर्माण हेतु 21.64 करोड स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है।

मुख्यमंत्री द्वारा जनपद टिहरी गढ़वाल के अन्तर्गत बाह्य न्यायालय नरेन्द्रनगर में तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए टाईप-2 के 09 आवासों एवं टाईप-3 के 02 आवासो के प्रथम चरण के कार्यों हेतु लागत 5.42 लाख, राजकीय विशेष गृह, हरिद्वार परिसर में राजकीय सुरक्षा का स्थान भवन के निर्माण कार्य हेतु 5.55 करोड़, पर्यटन विभाग के अन्तर्गत, जनपद नैनीताल के विकासखण्ड रामगढ़ में मोहन बाजार मुक्तेश्वर में कार पार्किंग निर्माण हेतु 9.89 करोड़, कारागार विभाग के अर्न्तगत, सम्पूर्णानन्द शिविर, सितारगंज को पुरानी गौशाला के टिन शैड के निर्माण हेतु धनराशि 32.74 लाख तथा विधानसभा क्षेत्र सितारगंज के अन्तर्गत निर्माणाधीन पर्वतीय विकास भवन के अवशेष कार्यों को पूर्ण करने हेतु 80 लाख की धनराशि स्वीकृत किये जाने के साथ ही जनपद बागेश्वर में काण्डा क्षेत्र के अन्तर्गत मल्टीलेवल पार्किंग निर्माण हेतु 5.41 करोड़ स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

मुख्यमंत्री द्वारा उत्तराखण्ड पावर कॉरपोरेशन को आर0डी0एस0एस0 योजना के अन्तर्गत संचालित कार्यों हेतु 70 करोड़ अवमुक्त किये जाने के साथ ही आस्था पथ परियोजना, ऋषिकेश के सौन्दर्याकरण हेतु 35.78 करोड स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लिमिटेड के अन्तर्गत निर्माणाधीन योजनाओं हेतु चालू वित्तीय वर्ष में अंशपूजी के रूप में कुल धनराशि 25 करोड एवं भवनों के ऊपर से गुजरने वाली विभिन्न, विभव (वोल्टेज) की विद्युत लाईनों को शिफ्ट किए जाने हेतु 5 करोड़ की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

मुख्यमंत्री द्वारा कुम्भ मेला-2027 के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार में श्री प्रेमनगर आश्रम गंगा घाट का सौन्दर्यीकरण किये जाने हेतु 1.50 करोड़ तथा वीरभद्र बैराज ऋषिकेश से चंडी घाट हरिद्वार तक सड़क की मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण कार्य हेतु 4.68 करोड की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

# रानीखेत की को-ऑपरेटिव ड्रग फैक्ट्री के फिर बहुरेंगे दिन: डॉ. धन सिंह रावत

**पथ प्रवाह, देहरादून।**

उत्तराखंड में सहकारिता आधारित औद्योगिक विकास को नई गति देने के लिए उत्तराखंड राज्य सहकारी संघ (यूसीएफ) आगे आया है। यूसीएफ ने लंबे समय से निष्क्रिय पड़ी रानीखेत स्थित को-ऑपरेटिव ड्रग फैक्ट्री (सीडीएफ) और हल्दूचैड़ स्थित उत्तराखंड स्टेट मेडिसिन एंड पैरामेडिकल्स लिमिटेड (यूएमपीएल) को पुनर्जीवित करने का निर्णय लिया गया है। दोनों इकाइयों में आधुनिक मशीनरी, अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं और उन्नत उत्पादन प्रणाली स्थापित कर आयुर्वेदिक औषधियों का निर्माण शुरू किया जाएगा।

सूबे के सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि राज्य सरकार सहकारिता क्षेत्र को आर्थिक विकास और रोजगार सृजन का सशक्त माध्यम बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से वर्षों से बंद पड़ी सहकारी औद्योगिक इकाइयों को पुनर्जीवित कर उन्हें आधुनिक स्वरूप दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सीडीएफ और यूएमपीएल के पुनरुद्धार के लिए यूसीएफ ने व्यापक कार्ययोजना तैयार की गई है। दोनों इकाइयों में नवीनीकरण, आधुनिक उपकरणों की स्थापना तथा गुणवत्ता आधारित उत्पादन प्रणाली विकसित की जा रही है, जिससे उत्तराखंड को आयुर्वेदिक औषधि निर्माण के क्षेत्र में नई पहचान मिलेगी।

### आयुर्वेदिक उत्पादों का होगा उत्पादन

दोनों इकाइयों में चूर्ण, वटी, रस, भस्म, तेल, आसव-अरिष्ट, गुग्गुल तथा पाक-अवलेह जैसी पारंपरिक आयुर्वेदिक औषधियों का निर्माण किया जाएगा। प्रमुख उत्पादों में महाशंख वटी, आरोग्यवर्धिनी वटी, त्रिफला चूर्ण, अश्वगंधा चूर्ण, अर्जुनारिष्ट, दशमूलारिष्ट, महानारायण तैल एवं अभ्रक भस्म शामिल रहेंगे।



### 200 से अधिक युवाओं को मिलेगा रोजगार

डॉ. रावत ने बताया कि दोनों इकाइयों के पूर्ण संचालन से स्थानीय स्तर पर 200 से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे। रानीखेत, हल्दूचैड़ और आसपास के क्षेत्रों के युवाओं को रोजगार मिलने के साथ-साथ औषधीय एवं सुगंधित पौधों की खेती करने वाले 500 से 1000 किसान भी सीधे इन इकाइयों से जुड़ेंगे। उन्होंने कहा कि कच्चे माल की आपूर्ति, परिवहन, प्रसंस्करण, पैकेजिंग, विपणन और वितरण जैसी गतिविधियों के माध्यम से हजारों लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार एवं आजीविका के अवसर प्राप्त होंगे, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी।

### 100 करोड़ रुपये वार्षिक कारोबार का लक्ष्य

सहकारिता मंत्री ने बताया कि दोनों इकाइयों के पूर्ण क्षमता से संचालन के बाद लगभग 100 करोड़ रुपये वार्षिक कारोबार का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इससे प्रतिवर्ष 10 से 15 करोड़ रुपये तक लाभ अर्जित होने की संभावना है। आधुनिक तकनीक और उच्च गुणवत्ता मानकों के माध्यम से सीडीएफ और यूएमपीएल को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी संस्थानों के रूप में विकसित किया जाएगा।

### सहकारिता आधारित औद्योगिक विकास का बनेगा मॉडल

डॉ. रावत ने कहा कि उत्तराखंड औषधीय एवं सुगंधित वनस्पतियों की दृष्टि से देश के सबसे समृद्ध राज्यों में शामिल है। राज्य सरकार का उद्देश्य किसानों को औषधीय खेती से जोड़ना, युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना तथा सहकारिता के माध्यम से आत्मनिर्भर ग्रामीण अर्थव्यवस्था का निर्माण करना है। उन्होंने कहा कि सीडीएफ और यूएमपीएल का पुनर्संचालन केवल औषधि उत्पादन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह सहकारिता आधारित औद्योगिक विकास का एक आदर्श मॉडल बनकर उभरेगा। इससे आयुर्वेद, किसान कल्याण, रोजगार सृजन और ग्रामीण विकास को एक साथ नई दिशा मिलेगी। डॉ. रावत ने कहा कि उत्तराखंड राज्य सहकारी संघ की यह पहल आयुर्वेदिक औषधि निर्माण, किसान समृद्धि, रोजगार सृजन और सहकारिता आंदोलन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित होगी।

# पीएम स्वनिधि ने किये छह वर्ष पूरे, लाखों के लिए आत्म निर्भरता की शक्ति बनी योजना

नयी दिल्ली। रेहड़ी पटरी वालों को बैंकों और वित्तीय संस्थानों से कर्ज सहायता दे कर उनके कारोबार के अवसरों को बेहतर बनाने की योजना पीएम स्वनिधि ने छह साल पूरे कर लिये हैं और इस दौरान यह योजना लाखों परिवारों को जीवन-यापन के संघर्ष से आत्म निर्भरता की ओर ले जाने वाली शक्ति सिद्ध हुई है और इसकी उपयोगिता तथा उपलब्धियों को देखते हुए सरकार ने इसे मार्च 20230 तक बढ़ा दिया है। विश्लेषणों के अनुसार देश की शहरी अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले रेहड़ी-पटरी वालों को इस योजना के माध्यम से बैंक कर्ज की सुविधा दिलाने वाली इस योजना से ऊंचे ब्याज वाले अनौपचारिक कर्ज पर उनकी निर्भरता दूर हुई है। इस योजना में बिनी किसी गारंटी के कर्ज की सुविधा के अलावा लाभार्थियों को डिजिटल तरीकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। संस्थागत और सामाजिक सुरक्षा के दायरे को बढ़ाया है। इस योजना का देश भर में तेजी से विस्तार हुआ है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार योजना के छह वर्षों में 75.5 लाख से ज़्यादा लाभार्थियों को 1.12 करोड से ज़्यादा ऋण दिये गये हैं, जिनकी कुल रकम 17,800 करोड़ रुपये से ज़्यादा है। इस योजना में 55 लाख से ज़्यादा लाभार्थियों को डिजिटल माध्यम से जोड़ा गया है और इस तरह के लाभार्थी कुल मिला कर लगभग 8.96 लाख करोड़ रुपये के 841 करोड़ से ज़्यादा डिजिटल लेन-देन कर चुके हैं। सरकारी रिपोर्टों के अनुसार पीएम स्वनिधि के तहत लाभार्थियों को डिजिटल कैशबैक प्रोत्साहन और ब्याज सब्सिडी के जरिये लगभग 800 करोड़ रुपये का लाभ प्राप्त हुआ है। जून 2020 में शुरू की गयी प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि' (पीएम स्वनिधि) के तहत रेहड़ी-पटरी वालों को बिना गारंटी के 15,000 रुपये, 25,000 रुपये और 50,000 रुपये तक के ऋण, ब्याज सहायता और क्रेडिट गारंटी सहायता के साथ तीन चरणों में दिये जाते हैं। जो वेंडर दूसरे चरण का ऋण सफलतापूर्वक चुका देते हैं, वे 30,000 रुपये तक की सीमा वाले यूपीआई -से जुड़े रुपे क्रेडिट कार्ड की सुविधा के पात्र हो जाते हैं। डिजिटल लेन-देन के तरीके अपनाने और वित्तीय साक्षरता को बढावा देने के लिए, रेहड़ी-पटरी कारोबारियों को खुदरा अथवा थोक बिक्री के लिए 1,600 रुपये तक के कैशबैक का प्रात्साहन भी दिया जाता है।

# हरिद्वार में यात्रियों से भरी बस पलटी, महिला की मौत, दर्जनों घायल

**पथ प्रवाह, हरिद्वार।**

धर्मनगरी हरिद्वार के सप्तऋषि क्षेत्र में यात्रियों से भरी एक बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में राजस्थान की एक महिला यात्री की मौत हो गई, जबकि दो दर्जन से यात्री घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने राहत एवं बचाव अभियान चलाकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया। हरिद्वार पुलिस के अनुसार सोमवार सुबह हादसा शांतिकुंज के पास हाईवे पर हुआ। बताया जा रहा है? कि राजस्थान से आए श्रद्धालुओं का दल गंगा स्नान के बाद वापस लौटने की तैयारी कर रहा था। इसी दौरान सड़क किनारे खड़ी बस को बैक करते समय अचानक चालक बस से नियंत्रण खो बैठा,? जिस कारण बस सड़क पर पलट गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बस को पलटता देख सामने से आ रहे एक डंपर चालक ने टक्कर से बचने का प्रयास किया, लेकिन वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक ढाबे में घुस गया। जिला आपदा कंट्रोल रूम से प्राप्त जानकारी के अनुसार राजस्थान की एक यात्री बस सप्तऋषि चौकी के पास दुर्घटना ग्रस्त हो गई है, दुर्घटना की जानकारी प्राप्त होते ही राहत एवं बचाव हेतु पुलिस बल,एनडीआरएफ,जिला प्रशासन की टीम एवं आपदा प्रबंधन की टीम मौके पर पहुंच कर त्वरित राहत एव बचाव कार्य किया गया तथा घायलों को एम्बुलेंस के माध्यम से मेला चिकित्सालय में उपचार हेतु भेजा गया,इस दुर्घटना में दो दर्जन से अधिक घायल हुए है, जिनका उपचार मेला चिकित्सालय में किया जा रहा है। घायलों में राजस्थान के नागौर जिले की एक महिला की मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल तीन यात्रियों को एम्स रेफर किया गया।



### जिलाधिकारी ने दिए मजिस्ट्रीयल जांच के आदेश

सप्तऋषि के पास हाईवे पर बस हादसे की जिलाधिकारी मयूर दीक्षित द्वारा मजिस्ट्रियल जांच बैठा दी गई है। उपजिलाधिकारी हरिद्वार योगेश मेहरा को जांच मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी हरिद्वार/जांच मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए है कि वह बस दुर्घटना की कारणों की जांच करते हुए 05 दिन के भीतर जांच आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

## एक नजर

### ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता कार्यों में लापरवाही बरतने पर 6 एडीओ का रोका वेतन

पथ प्रवाह, हरिद्वार। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था और कूड़ा निस्तारण कार्यों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। जिला पंचायत राज अधिकारी हरिद्वार ने जनपद के सभी छह सहायक विकास अधिकारियों (पंचायत) के मई के वेतन आहरण पर अगले आदेशों तक रोक लगा दी है। यह कदम ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था को प्रभावी बनाने तथा जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है। जिला पंचायत राज अधिकारी अतुल प्रताप सिंह ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों से लगातार मिल रही शिकायतों के बावजूद संबंधित अधिकारियों द्वारा अपेक्षित सूचनाएं समय पर उपलब्ध नहीं कराई जा रही थीं। इसके साथ ही स्वच्छता अभियान और कूड़ा निस्तारण व्यवस्थाओं की निगरानी में भी गंभीर लापरवाही सामने आई। जांच में यह भी पाया गया कि स्वजल योजना के तहत विकास खंडों को उपलब्ध कराए गए वाहनों का रोस्टर के अनुसार संचालन सुनिश्चित नहीं किया गया। वहीं ग्राम पंचायतों में सूखे कूड़े के संग्रहण संबंधी शासनादेशों का प्रभावी अनुपालन और अनुश्रवण भी नहीं किया गया। नियमित सूचनाएं उपलब्ध न होने से प्रशासनिक कार्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था। इन अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने सभी छह एडीओ (पंचायत) के वेतन पर रोक लगाने का निर्णय लिया है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे स्वच्छता एवं कूड़ा प्रबंधन से जुड़े कार्यों में सुधार लाते हुए आवश्यक सूचनाएं समय पर उपलब्ध कराएं। जिला पंचायत राज अधिकारी ने चेतावनी दी कि भविष्य में किसी भी स्तर पर कार्यों में शिथिलता या लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध और अधिक कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### पीएम-सीएम पर विवादित टिप्पणी करने वाला युवक गिरफ्तार

पथ प्रवाह, हरिद्वार। सोशल मीडिया पर भारत के प्रधानमंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के खिलाफ कथित रूप से अभद्र भाषा का प्रयोग कर वीडियो प्रसारित करने वाले एक युवक को सिडकुल पुलिस ने हिरासत में लिया है। पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे पकड़ लिया।

पुलिस के अनुसार, 31 मई को रोशनाबाद निवासी बिंदरपाल पुत्र चंद्रभान पाल ने थाना सिडकुल में लिखित तहरीर देकर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया कि एक युवक द्वारा सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो प्रसारित किया गया, जिसमें प्रधानमंत्री भारत सरकार और मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के खिलाफ अभद्र टिप्पणियां की गई थीं।

तहरीर के आधार पर थाना सिडकुल में मुकदमा अपराध संख्या 221/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 351(2) और 352 के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। मामले की जांच उपनिरीक्षक देवेंद्र चौहान को सौंपी गई। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की। विवेचना के दौरान वीडियो प्रसारित करने वाले युवक की पहचान अतीक अहमद पुत्र शमशुल हसन निवासी रोशनाबाद, थाना सिडकुल, जनपद हरिद्वार के रूप में हुई। इसके बाद पुलिस ने आरोपित को हिरासत में ले लिया।

सिडकुल पुलिस ने बताया कि आरोपित के खिलाफ अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं से अपील की है कि किसी भी सार्वजनिक मंच पर आपत्तिजनक, भड़काऊ अथवा कानून का उल्लंघन करने वाली सामग्री प्रसारित करने से बचें, अन्यथा उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### खोए मोबाइल लौटाकर चमोली पुलिस ने जीता विश्वास

पथ प्रवाह, चमोली। श्री बद्रीनाथ धाम यात्रा के दौरान चमोली पुलिस लगातार श्रद्धालुओं की सहायता कर उनकी यात्रा को सुगम और सुखद बनाने में जुटी है। इसी क्रम में दो श्रद्धालुओं के खोए हुए मोबाइल फोन बरामद कर उन्हें सकुशल वापस लौटाए गए। रमेश निवासी अहमदाबाद (गुजरात) का रियलमी मोबाइल फोन श्री बद्रीनाथ धाम क्षेत्र में कहीं खो गया था। इस संबंध में सूचना मिलने पर कांस्टेबल जसपाल राणा एवं कांस्टेबल विकास द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए खोजबीन की गई। कुछ ही समय में उक्त मोबाइल फोन बरामद कर उसके वास्तविक स्वामी रमेश के सुपुर्द कर दिया गया। वहीं समीक्षा बाजपेयी निवासी कटनी (मध्य प्रदेश) का मोबाइल फोन भी धाम क्षेत्र में खो गया था। सूचना प्राप्त होने पर कांस्टेबल विजय राणा द्वारा तत्परता से खोजबीन कर मोबाइल फोन बरामद किया गया और सुरक्षित रूप से समीक्षा बाजपेयी को सौंप दिया गया। अपने खोए हुए मोबाइल वापस पाकर दोनों श्रद्धालुओं ने चमोली पुलिस की तत्परता, ईमानदारी एवं सेवा भावना की सराहना करते हुए पुलिस का आभार व्यक्त किया।

# जनसुनवाई में जिलाधिकारी ने सुनी जनता की फरियाद, 65 में से 32 समस्याओं का कराया निस्तारण

**पथ प्रवाह, हरिद्वार।**

जनपदवासियों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभागार में जन सुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान 65 शिकायतें दर्ज कराई गई, जिसमें से 32 समस्याओं का मौके पर निराकरण किया गया शेष समस्याओं को निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया। जनसुनवाई कार्यक्रम में राजस्व, भूमि विवाद, विद्युत, अतिक्रमण, जल भराव, पेयजल, राशन कार्ड आदि से संबंधित समस्या दर्ज कराई गई। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनसुनवाई में जनता द्वारा जो भी समस्याएं दर्ज कराई जा रही है उन समस्याओं को त्वरित एवं समयबद्धता के साथ निराकरण करना सुनिश्चित करे,इसमें किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही एवं शिथिलता नहीं बरती जानी चाहिए, शिथिलता बरती जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध आवश्यक करवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए है कि जिन शिकायतों पर स्थलीय निरीक्षण किया जाना है संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय के साथ स्थलीय निरीक्षण कर समस्या का समाधान करना सुनाश्चित करें।

### शिकायतों का गंभीरता से निस्तारण करें संबंधित अधिकारी

बैठक में सीएम हेल्पलाइन में दर्ज समस्याओं की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि सीएम हेल्प लाइन में जो भी शिकायते दर्ज की जा रही है,उनको सभी अधिकारी संवेदनशीलता के साथ निरंकरण करना सुनिश्चित करे। उन्होंने निर्देश दिए है कि 36 दिन से अधिक जो भी शिकायते लंबित है उनका निराकरण तत्परता से करना सुनिश्चित करें। जिसमें एल 1 पर 583 शिकायतें तथा एल 2 पर 171 शिकायतें निस्तारण हेतु लंबित है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को हिदायत दी है कि लंबित शिकायतों का निस्तारण तत्परता से करना सुनिश्चित करें। बैठक मे मुख्य विकास अधिकारी डॉ ललित नारायण मिश्र,अपर जिलाधिकारी जितेंद्र कुमार,उपजिलाधिकारी मुख्यालय/सिटी मजिस्ट्रेट हर गिरी,उप जिलाधिकारी हरिद्वार योगेश मेहरा,अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अनिल वर्मा,जिला पूर्ति अधिकारी मुकेश पाल,जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी मीरा रावत, जिला पंचायत राज अधिकारी अतुल प्रताप सिंह,सहायक श्रम आयुक्त प्रशांत कुमार, उप नगर आयुक्त ,दीपक गोस्वामीस्वजल नोडल चंद्रकांत मणि त्रिपाठी,परियोजना अधिकारी उरेडा युद्धवीर सिंह बिष्ट,जिला स्तरीय सम्बन्धित अधिकारी एवं विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादी मौजूद रहे।




# फर्जी सोसाइटी बनाकर करोड़ों की जमीन बेचने के मामले में एक और गिरफ्तार

**पथ प्रवाह, हरिद्वार।**

बीडी इंटर कॉलेज से जुड़ी संस्था की भूमि को कथित रूप से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बेचने के मामले में पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। धोखाधड़ी कर संस्था की लगभग साढ़े आठ बीघा भूमि का विक्रय करने के आरोप में वांछित चल रहे आरोपित मोहम्मद मुर्सलीन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले में मुख्य आरोपित को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है।

पुलिस के अनुसार, 22 मार्च 2026 को दयानंद एंग्लो वैदिक संस्था के आजीवन सदस्य सुधीर कुमार त्यागी ने शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया था कि दुष्यंत कुमार ने अन्य साथियों के साथ मिलकर एक फर्जी सोसाइटी का गठन किया और संस्था की करीब 8.5 बीघा जमीन को बिना वैध अनुमति एवं अधिकार के फर्जी तरीके से विनय सैनी निवासी राजेंद्र नगर, रुड़की के नाम बेच दिया।

शिकायत के आधार पर भगवानपुर थाने में संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। विवेचना के दौरान पुलिस ने मुख्य आरोपित दुष्यंत कुमार को पहले ही गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया था, जबकि अन्य आरोपितों की तलाश जारी थी।

पुलिस के मुताबिक, मामले में वांछित आरोपित गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहे थे। पुलिस टीम ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय रखते हुए सूचना के आधार पर वांछित आरोपित मोहम्मद मुर्सलीन पुत्र असगर निवासी ग्राम शेरपुर, थाना भगवानपुर, जनपद हरिद्वार को गिरफ्तार कर लिया।



पुलिस ने बताया कि आरोपित के खिलाफ विधिक कार्यवाही करते हुए उसका चालान कर दिया है। वहीं, प्रकरण में शामिल अन्य फरार आरोपितों की तलाश के लिए पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है।

# जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को दिया 10-10 वृक्ष लगाने का लक्ष्य

**पथ प्रवाह, हरिद्वार।**



जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने जिला कार्यालय सभागार में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सरकार की योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से आमजन तक पहुँचना सुनिश्चित किया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को योजनाओं का नियमित स्थलीय निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा करने के भी निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने 'हरित हरिद्वार' मुहिम को प्रभावी बनाने हेतु सभी जिलास्तरीय अधिकारियों को अपने-अपने कार्यालय एवं आसपास के क्षेत्रों में न्यूनतम 10-10 पौधे लगाने तथा उनकी सुरक्षा और देखरेख की जिम्मेदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, प्रत्येक अधिकारी के अधीन कार्यरत कर्मचारियों को भी कम से कम एक-एक पौधा रोपित कर उसकी देखभाल करने हेतु प्रेरित करने को कहा। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं और हरिद्वार को हरा-भरा बनाना सभी की जिम्मेदारी है।

बैठक में जिलाधिकारी ने सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार के अतिक्रमण को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई कर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि इस कार्य में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

स्वच्छता अभियान की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने मानसून से पूर्व जनपद के सभी नालों और नालियों की प्राथमिकता के आधार पर सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो। इस संबंध में नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत, जिला पंचायत, खंड विकास अधिकारियों एवं जिला पंचायतराज विभाग को अपने अपने क्षेत्रों में नालियों की साफ सफाई त्वरित गति से की जाए,इसमें कोई भी लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. ललित नारायण मिश्र,अपर जिलाधिकारी जितेंद्र कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट हरि गिरी, उपजिलाधिकारी हरिद्वार योगेश मेहरा, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अनिल वर्मा, जिला पूर्ति अधिकारी मुकेश पाल, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी मीरा रावत, जिला पंचायतराज अधिकारी अतुल प्रताप सिंह, सहायक श्रम आयुक्त प्रशांत कुमार, उप नगर आयुक्त दीपक गोस्वामी, स्वजल नोडल अधिकारी चंद्रकांत मणि त्रिपाठी, परियोजना अधिकारी उरेडा युद्धवीर सिंह बिष्ट सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं फरियादी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### रुड़की तहसील में लेखपाल हॉल में होगा तहसील दिवस

पथ प्रवाह, हरिद्वार। जॉइंट मजिस्ट्रेट रुड़की दीपक रामचंद्र सेठ ने बताया दिनाँक 02.06.2026 दिन मंगलवार को प्रातः 10.00 बजे से अपरान्ह 1.00 बजे तक स्थान लेखपाल हॉल तहसील रूडकी भवन में उत्तराखण्ड शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में उनकी अध्यक्षता में तहसील रूडकी क्षेत्र के आमजन की शिकायतों के निराकरण हेतु तहसील दिवस आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि निर्धारित तिथि / समय व स्थान पर स्वयं / सक्षम प्रतिनिधि प्रतिभाग करने का कष्ट करें, जिससे आम जनता की प्राप्त होने वाली शिकायतों / समस्याओं का निराकरण किया जा सके।

### चारधाम यात्रा के लिए 11357 यात्रियों ने कराया पंजीकरण

पथ प्रवाह, हरिद्वार। हरिद्वार ऋषिकुल मैदान में बनाए गए यात्री पंजीकरण केंद्र में सोमवार को चारधाम यात्रा के लिए 11357 यात्रियों ने अपना पंजीकरण कराया। इनमें यमुनोत्री धाम के लिए 2562, गंगोत्री धाम के लिए 2581, केदारनाथ धाम के लिए 2952, बद्रीनाथ धाम के लिए 3245 और हेमकुंड साहिब के लिए 17 यात्रियों ने अपना पंजीकरण कराया। इस प्रकार विभिन्न राज्यों से आए 11357 यात्रियों द्वारा चारधाम के लिए अपना पंजीकरण कराया गया। ऋषिकुल मैदान यात्री पंजीकरण केंद्र से अब तक कुल 3 लाख 50 हजार 9 सौ यात्रियों ने चारधाम यात्रा के लिए अपना पंजीकरण कराया है।

### ट्रैक्टर से खुले नाले में अपशिष्ट जल प्रवाहित करने वाला चालक गिरफ्तार




पथ प्रवाह, हरिद्वार। उत्तराखंड जल संस्थान का नाम लिखे ट्रैक्टर से खुले नाले में अपशिष्ट जल प्रवाहित करने के मामले में उत्तराखंड जल संस्थान के अपर सहायक अभियंता द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे में कार्रवाई करते हुए नगर कोतवाली पुलिस ने ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार कर लिया। ट्रैक्टर को भी सीज कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार 30 मई को उत्तराखंड जल संस्थान कार्यालय जोन-प्रथम भूपतवाला के अपर सहायक अभियंता नगर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात व्यक्ति द्वारा ट्रैक्टर-सेक्शन मशीन पर विभाग का नाम अंकित कर अपशिष्ट जल को खुले नाले में प्रवाहित जाने का आरोप लगाते हुए मुकद्मा दर्ज कराया था। मुकद्मा दर्ज करने के बाद सप्तऋषि चौकी प्रभारी एसआई विक्रम सिंह बिष्ट ने पुलिस टीम के साथ जांच पड़ताल करने के बाद संबंधित ट्रैक्टर को चिन्हित करते हुए चालक को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में चालक लाल सिंह पुत्र रोशन लाल निवासी ग्राम ब्रह्मपुर थाना कोतवाली रुड़की ने बताया कि ट्रैक्टर के स्वामी स्वर्गीय सोनू पुत्र रमेश कुमार निवासी ग्राम ब्रह्मपुर थाना सिविल लाइन रुड़की, जनपद हरिद्वार थे, जो रिश्ते में उसके भांजे लगते थे। बताया कि उक्त ट्रैक्टर पूर्व में शिवालिक नगर स्थित जल संस्थान में कार्यरत था। जिसके कारण उस पर उत्तराखंड जल संस्थान अंकित कराया गया था। ट्रैक्टर स्वामी की मृत्यु के बाद भी यह नाम नहीं हटाया गया और उसी नाम का उपयोग कर वह ठेके पर अपशिष्ट जल का परिवहन कर खुले नालों में प्रवाहित करता था।

### स्वामी अरुण गिरी करेंगे 108 कुण्डीय महायज्ञ और 108 कन्याओं के विवाह का आयोजन



पथ प्रवाह, हरिद्वार। आह्वान अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अरुण गिरी महाराज ने कहा कि विश्व में व्याप्त अशांति का वातावरण दूर हो, इसके लिए शीघ्र ही 108 कुण्डीय महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। यज्ञ के दौरान 108 गरीब परिवारों की कन्याओं का विवाह कराया जाएगा। आह्वान पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अरुण गिरी महाराज ने कहा कि प्राचीन ऋषि मुनियों द्वारा प्रतिपादित यज्ञ के माध्यम से किसी भी संकट को दूर किया जा सकता है। यह में दी जानी आहुतियों से उत्पन्न होने वाली सकारात्मक ऊर्जा से मानवीय स्वभाव पर सकारात्मक प्रभाव होता है। वर्तमान में पूरे विश्व में अशांति का वातावरण बना हुआ है। जिससे पूरी मानव जाति संकट में है। अशांति के वातावरण को दूर करने के लिए बिहार के कैबिनेट मंत्री संजय सिंह एवं समाजसेवी राजा सुधीर सिंह के संयोजन में 108 कुण्डीय महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा।

# एसआईआर 2026 के लिए बीएलओ, सुपरवाइजर और बीएलए को दिया गया प्रशिक्षण

**पथ प्रवाह, हरिद्वार।**



जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 2026 के अंतर्गत 25-हरिद्वार विधानसभा एवं 26 रानीपुर क्षेत्र के समस्त बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ), बूथ लेवल सुपरवाइजर तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) का प्रशिक्षण बीएचईएल कन्वेंशन हॉल में ईआरओ/उप जिलाधिकारी जितेंद्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य शिक्षा अधिकारी नरेश कुमार हल्दियानी ने उपस्थित सुपरवाइजर,बीएलओ एवं बीएलए से कहा कि सभी अपने दायित्वों का निर्वहन कुशलता के साथ करेंगे तथा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के तहत विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यों का संपादन करेंगे इसमें किसी भी प्रकार की कोई त्रुटि नहीं होनी चाहिए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मतदाता सूची के शुद्धिकरण, नए मतदाताओं के पंजीकरण, मृत एवं स्थानांतरित मतदाताओं के नाम विलोपन तथा त्रुटि सुधार से संबंधित प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

मुख्य संदर्भदाता डॉ. संतोष कुमार चमोला ने प्रतिभागियों को निर्वाचन प्रक्रिया की बारीकियों से अवगत कराया तथा उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। उन्होंने निर्वाचन कार्यों को पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं जिम्मेदारी के साथ संपादित करने पर जोर दिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को निर्धारित प्रपत्रों, समयबद्ध कार्यवाही एवं समन्वय के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के सहायक नोडल अधिकारी मीडिया गोविन्द कुर्ल, संतोष रावत, प्रकाश चंद देवराणी आदि प्रशिक्षण में उपस्थित रहे।

# केंद्र और राज्य सरकार की अंत्योदय और जनहित योजनाओं को सर्वोपरि मानकर कार्य करे नगरपालिका: अतुल वशिष्ठ

**पथ प्रवाह, हरिद्वार।**



भाजपा सरकार की जनहित प्राथमिकताओं को दरकिनार करना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह बात नगरपालिका में नामित सांसद प्रतिनिधि अतुल वशिष्ठ ने शिवालिकनगर नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी (ईओ) से मुलाकात के दौरान कही।

सांसद प्रतिनिधि ने वार्ड संख्या 12 और वार्ड 13 में लंबे समय से लंबित जनसमस्याओं पर गहरी नाराज़गी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को गहरी नाराजगी जताई। इसके साथ ही उन्होंने अधिशासी अधिकारी को एक मांग पत्र (ज्ञापन) सौंपकर व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार करने को कहा। सांसद प्रतिनिधि अतुल वशिष्ठ ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार 'अंत्योदय' और 'जनहित' को सर्वोपरि मानकर कार्य कर रही है। इसके बावजूद स्थानीय स्तर पर अधिकारी ढुलमुल रवैया अपनाए हुए हैं। वार्ड 12 और वार्ड 13 के निवासी नगरपालिका स्तर की बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। उन्होंने कहा कि सड़कों, नालियों की नियमित साफ सफाई नहीं की जा रही है। जहां एक ओर मानसून से पहले नाले नालियों की मुकम्मल सफाई न होने से सड़कों पर गंदा पानी जमा हो रहा है। वहीं दूसरी ओर सड़कों और गलियों में अधिकतर स्थानों पर स्ट्रीट लाइट लगी नहीं हैं और जहां लगी हैं उनमें भी कई स्ट्रीट लाइटें खराब हैं। जिस कारण से रात के समय आमजन की सुरक्षा को खतरा बना रहता है। सांसद प्रतिनिधि ने अधिशासी अधिकारी को पत्र सौंपते हुए कहा कि जल्द से जल्द भाजपा सरकार की जनहित की मूलभूत आवश्यताओं को धरातल पर उतारें।

अधिशासी अधिकारी तारिक खान ने शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए माना कि जनहित के कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही अक्षम्य है। उन्होंने सांसद प्रतिनिधि को आश्वस्त किया कि वार्ड 12 और वार्ड 13 की समस्याओं के समाधान के लिए तुरंत एक विशेष टीम भेजी जाएगी। सभी आवश्यक विकास कार्यों और सफाई व्यवस्था को प्राथमिकता के आधार पर तय समय सीमा के भीतर पूरा कर लिया जाएगा।

# तमंचे के बल पर हुई लूट का पुलिस ने किया खुलासा, चार आरोपी गिरफ्तार

**पथ प्रवाह, हरिद्वार।**



तमंचे के बल पर हुई लूट के मामले का खुलासा करते हुए कोतवाली रानीपुर पुलिस ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के कब्जे से पीड़ित का आधार कार्ड, पैन कार्ड, लूटी गयी स्कूटी, तमंचा, कारतूस, चाकू और दो हजार रूपए बरामद किए गए हैं। रानीपुर कोतवाली में मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी नवनीत सिंह ने बताया कि 23 मई की रात स्कूटी सवार चार युवक सिडकुल से घर लौट रहे ब्रज विहार निवासी सौरभ सती को चिन्मय डिग्री कालेज के पास रोककर तमंचे के बल पर उसकी स्कूटी, मोबाइल, पर्स व पांच हजार रूपए की नकदी लूटकर फरार हो गए थे। पीडित की शिकायत पर मुकद्मा दर्ज करने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस और सीआईयू टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम की जांच पड़ताल और सीसीटीवी फुटेज से सामने आया कि आरोपियों ने वारदात के पहले और वारदात के दौरान गली मौहल्लों के रास्तों का इस्तेमाल किया था। जिससे उनके स्थानीय होने की संभावना को देखते हुए पुलिस टीम ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। 31 मई की रात मिली सूचना पर पुलिस ने रेगुलेटर पुल के पास से चार संदिग्ध युवकों कार्तिक सैनी पुत्र कमल सैनी निवासी ऋषिकुल नगर कोतवाली, शिवांश उर्फ विलन पुत्र जगदीश निवासी वेद सिटी अहमदपुर ग्रंट थाना बहादराबाद, लक्की पुत्र रमेशचंद्र निवासी सिया कालोनी राजा गार्डन थाना कनखल एवं वंश चंचल पुत्र बिट्टू चंचल निवासी राजू नगर बस अड्डा कोतवाली नगर को स्कूटी के साथ दबोच लिया। स्कूटी की नंबर प्लेट संदिग्ध लगने पर जब इंजन और चेसिस नंबर चैक किया गया तो पता चला कि वह लूटी गई स्कूटी है। जिसे फर्जी नंबर प्लेट लगाकर इस्तेमाल किया जा रहा था। तलाशी लेने पर युवकों के कब्जे से पुलिस ने एक मोबाइल फोन, पीड़ित का पर्स, आधार कार्ड, पैन कार्ड, एक देशी तमंचा, 1 जिन्दा कारतूस व एक चाकू बरामद किया।

# संपादकीय

## गुटखा प्रतिबंधित फिर भी 42 फ़ीसद बढ़े ओरल कैंसर के मरीज

केंद्र सरकार और राज्य सरकारों द्वारा ओरल कैंसर के मामलों को रोकने के लिए पिछले 12 वर्षों से गुटखा प्रतिबंध लागू कर रखा है। इसके बाद भी ओरल कैंसर के मरीजों की संख्या कम होने के स्थान पर साल-दर-साल बढ़ती चली जा रही है। सरकारी दावे और जमीनी हकीकत दोनों एक दूसरे के विपरीत हैं। 1 अप्रैल 2012 को मध्य प्रदेश सरकार ने गुटके पर प्रतिबंध लगाया था, उसके बाद गुटखा कंपनियों ने तुम डाल-डाल हम पात-पात की नीति अख्तियार करते हुए पैकिंग को बदल दिया। पान मसाला और तंबाकू की पैकिंग को अलग-अलग करते हुए ग्राहकों को पान मसाला के साथ तंबाकू के पैकेट को भी साथ में दिया जाने लगा, जिसके कारण सरकार ने जो प्रतिबंध लगाया था वह एक छलावा बनकर रह गया है। सरकार के आदेश पर गुटखा की पैकिंग में यह चेतावनी भी प्रकाशित की जाने लगी कि गुटखा खाना जानलेवा है। इस प्रकार प्रतिबंध लगाते समय जो सरकार ने सोचा था ठीक उसके विपरीत परिणाम देखने को मिल रहे हैं। तंबाकू और पान मसाला की पैकिंग अलग-अलग होने के कारण पहले निश्चित मात्रा में गुटखा के पाउच के साथ मिली हुई तंबाकू आती थी, लेकिन जब से पैकिंग अलग हुई है उसके बाद लोगों ने ज्यादा तंबाकू खाना शुरू कर दिया है, वह अपनी इच्छा के अनुसार पान मसाले में तंबाकू मिला लेते हैं।

हाल ही में मध्य प्रदेश के जवाहरलाल नेहरू कैंसर अस्पताल के जो आंकड़े सामने आए हैं उसके अनुसार पिछले 14 वर्षों में ओरल कैंसर के मामले 42 फ़ीसदी तक बढ़ गए हैं। हर साल इसमें वृद्धि देखने को मिल रही है। 2012 में इस अस्पताल में 1836 ओरल कैंसर के मरीज आए थे जो 2025 में बढ़कर 2614 हो गए। यह केवल एक कैंसर हॉस्पिटल का आंकड़ा है। देश में इस बीच में कई कैंसर के नए अस्पताल खुले हैं, उनमें भी ओरल कैंसर के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती चली जा रही है। कैंसर हॉस्पिटल और डॉक्टरों द्वारा इस पर चिंता व्यक्त की जा रही है। सरकार के प्रतिबंध लगाने के बाद गुटखा खाने वालों की संख्या पहले की तुलना में और ज्यादा बढ़ी है। पान मसाला और तंबाकू की अलग-अलग पैकिंग होने के कारण तंबाकू बड़े पैमाने पर खाई जा रही है। ओरल कैंसर के मरीज जो गुटखा खाते हैं कुछ समय के बाद उनका मुंह पूरा नहीं खुलता है। तंबाकू में मौजूद हानिकारक नाइट्रोसामाइंस गलों के अंदर की कोशिकाओं के डीएनए को सीधे नुकसान पहुंचाते हैं। इसके बाद इसमें ट्यूमर बनने की प्रक्रिया शुरू हो जाती है। पान मसाला में चूना मुंह की त्वचा को नुकसान पहुंचता है। तंबाकू में मौजूद निकोटिन और कर्सीनोजेनिक रसायन खून के साथ मिलकर तेजी के साथ ट्यूमर बनाने की प्रक्रिया में शामिल होते हैं, जिसके कारण ओरल कैंसर के मरीज का मुंह पूरा नहीं खुल पाता है, उसे खाने-पीने में तकलीफ होने लगती है। लगातार दर्द बढ़ता चला जाता है। ऐसी हालत में ओरल कैंसर के मरीज को ठीक कर पाना बहुत मुश्किल होता है।

सरकार तरह-तरह के नियम और कानून बनाती है लेकिन उनका पालन कागजों तक सीमित होकर रह जाता है। जमीनी हकीकत ठीक इसके विपरीत होती है। गुटखा के इस कारोबार में भारी पैसा गुटका कंपनी कमाती हैं, जितना गुटका एक नंबर में बिकता है उससे कई गुना ज्यादा गुटका दो नंबर में बिकता है, जिसके कारण सरकार को एक्साइज ड्यूटी और जीएसटी का बड़ा नुकसान उठाना पड़ता है। विज्ञापनों पर भी प्रतिबंध लगाया गया है लेकिन पान पसंद पान मसाला के नाम पर बड़े पैमाने पर विज्ञापन प्रकाशित किए जाते हैं। प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और सोशल मीडिया में गुटका कंपनियों के विज्ञापन पहले की तुलना में और भी बढ़ गए हैं। सरकार के पास सही आंकड़े उपलब्ध नहीं होते हैं। गुटखा कंपनियों के इस कारोबार में खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण की कोई निगरानी नहीं होती है। इसके पास निगरानी करने के लिए पर्याप्त संख्या में अधिकारी और कर्मचारी ही नहीं है। ऐसी स्थिति में खाद्य सुरक्षा के नाम पर गुटखा कंपनियों से वसूली करके यह विभाग आंख मूंद लेता है। गुटका का उत्पादन और विक्रय अघोषित तरीके से होने के कारण पुलिस, आयकर विभाग, जीएसटी, एक्साइज विभाग इत्यादि सभी की मिलीभगत होती है जिसके कारण ओरल कैंसर को रोकने के लिए सरकार द्वारा समय-समय पर जो भी प्रयास किए गए हैं वह सब कागजों तक सीमित रह गए हैं।

केंद्र सरकारों और राज्य सरकारों का दायित्व है कि वह केवल तंबाकू को कैंसर का कारण मानकर आंख मूँदकर नहीं बैठे रहें। खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के नियमों का पालन सुनिश्चित हो इसके लिए पर्याप्त संख्या में अधिकारियों और कर्मचारियों को तैनात करें, जो खाने-पीने की सभी चीजों का समय-समय पर परीक्षण करें।

## सढोली गांव में वेद की ऋचाओं से महका एक आंगन !

**डॉ श्रीगोपाल नारसन**

देवभूमि उत्तराखंड के हरिद्वार जनपद में रुड़की के निकट एक गांव है सढोली।इस गांव में अशोक कुमार शर्मा व उमा देवी ने यजमान बनकर तीन दिवसीय एक ऐसे वैदिक यज्ञ का आयोजन किया जिसमें आहुति देने के लिए सैकड़ो की संख्या में आर्यत्व से प्रेरित लोग शामिल हुए।दिल्ली से आए आर्य समाज के विद्वान आचार्य हरिप्रसाद ने जहां प्रतिदिन सुबह 8 से 12 बजे दोपहर तक और फिर शाम को साढ़े चार बजे से साढ़े सात बजे तक वेद ज्ञान पर चर्चा की और यज्ञ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रतिदिन दोनों समय यज्ञ सम्पन्न कराया।आचार्य हरिप्रसाद ने कहा कि परमात्मा को भोग लगाने का सर्वोत्तम माध्यम यज्ञ है,यज्ञ में आहूत सामग्री ही भगवान तक पहुंचती है ,साथ ही यज्ञ से वातावरण शुद्धि होती है,जो हमारे पर्यावरण संतुलन का आधार है।आर्यत्व में रचे बसे अमित व सुमित के साथ ही वैज्ञानिक चंद्रकांत शर्मा की व्यवस्थाओं से सुसज्जित इस यज्ञ से तीन दिनों तक सढोली गांव में मंगल हुआ।दूर दराज से आए आर्य प्रेमियों ने चारों वेदों की ज्ञान चर्चाओं में भागीदारी की।जबकि चंदेना कोली से आए भजनोपदेशक अमरेश आर्य ने भगवान को समर्पित भजनों से सबका मन मोह लिया।उन्होंने हारमोनियम के संगीत और ढोलक की थाप पर अनेक भजन सुनाये, जिनकी मधुर आवाज़ में सब खोये रहे।इस यज्ञ में अपनी निष्ठा आहुति देने पहुंचे फ़िल्म निर्देशक डॉ सुभाष अग्रवाल ने महर्षि दयानंद के सत्यार्थ प्रकाश से लेकर स्वयं की लिखी पुस्तक हिंदी पत्रकारिता में महर्षि दयानंद का योगदान पर चर्चा की वही स्वयं के द्वारा निर्मित डाक्यूमेंट्री फ़िल्म स्वामी श्रद्धानंद व महर्षि दयानंद समेत अनेक फिल्मों को समाज के लिए प्रेरक बताया।इस अवसर पर उत्तराखंड के संस्कृत शिक्षा निदेशक रहे डॉ आनन्द भारद्वाज ने कहा कि वेद जीवन का आधार है ।उन्होंने शून्य व अनन्त की उत्तपत्ति का आधार भी वेद को ही बताया।उन्होंने वेद श्लोकों व संस्कृतनिष्ठ सम्बोधन से आर्य समाज व महर्षि दयानंद की समाज को राह दिखाने वाली सोच की सराहना की।कार्यक्रम में अंग्रेजी के प्रवक्ता रहे 90 वर्षीय आनन्द स्वरूप आर्य,रसायन विज्ञान के विद्वान 88 वर्षीय यशवीर सिंह ,पूर्व प्रधानाचार्य मानपाल सिंह आदि ने सढोली गांव से उठी वैदिक यज्ञ की लपटों को आध्यात्मिक अलख की संज्ञा दी।

(लेखक विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ के उपकुलपति व आध्यात्मिक चिंतक है)

## रोहिणी नौतपा और बढ़ते तापमान का प्रभाव

**डॉ. सुमन शर्मा**

रोहिणी नौतपा भारतीय पारंपरिक ज्योतिष और लोक मान्यताओं में ग्रीष्म ऋतु के सबसे अधिक गर्म दिनों को कहा जाता है। यह वह समय माना जाता है जब सूर्य रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करता है और लगभग 9 दिनों तक अत्यधिक गर्मी पड़ती है। इसी कारण इसे 'नौतपा' कहा जाता है – अर्थात नौ दिनों की तीव्र तपन।

सूर्य देव हर साल 25 मई को रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करते हैं। इस के साथ ही ज्येष्ठ महीने के सबसे गर्म 9 दिनों, नौतपा की शुरुआत होती है।

भारतीय परंपरा में महत्व एवं लोक मान्यता के अनुसार नौतपा के दौरान अच्छी गर्मी पड़ना मानसून के लिए शुभ माना जाता है। कहा जाता है कि यदि इन दिनों पर्याप्त गर्मी हो, तो वर्षा अच्छी होती है, किसान इसे खेती और वर्षा चक्र से जोड़कर देखते हैं। यह वैज्ञानिक नियम नहीं है, लेकिन लंबे अनुभवों के मौसम ज्ञान पर आधारित है।

ज्योतिष और लोक-परंपराओं के अनुसार, नौतपा का न तपना भारी नुकसान का संकेत माना जाता है। यदि इन 9 दिनों में गर्मी नहीं पड़ती या बारिश हो जाती है, तो मानसून चक्र प्रभावित होता है, कीट-पतंगों की संख्या बढ़ जाती है और फसलों को भारी नुकसान होने की आशंका रहती है। इन नौ दिनों में यदि बारिश हो जाय, तो कहते हे नौतपा गल गया।

नौतपा में धरती पर तेज गर्मी अपने चरम पर होती है। आमतौर पर यह अवधि मई के अंत से जून की शुरुआत तक (25 मई से 2 जून ) मानी जाती है। इस दौरान तापमान तेजी से बढ़ता है, लू चलती है और दिन बेहद तपने वाले होते हैं।

नौतपा के दौरान सूर्य रोहिणी नक्षत्र में स्थित होता है , सूर्य का उत्तरी गोलार्ध की ओर अधिक झुकाव होता है। इस अवधि में सूर्य की किरणें अधिक सीधी पड़ती हैं, भूमि अत्यधिक गर्म हो जाती है, लू चलती है, तापमान वर्ष के उच्चतम स्तर पर पहुँच सकता है। इस समय पृथ्वी अपनी धुरी पर ऐसे झुकी होती है कि सूर्य की किरणें उत्तरी गोलार्ध (विशेष रूप से भारत जैसे देशों में) पर बिल्कुल सीधी और लंबवत पड़ती हैं, जिससे इन 9 दिनों में पृथ्वी पर गर्मी अपने चरम पर होती है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से इस अवधि (मई के अंत से जून की शुरुआत) के दौरान सूर्य पृथ्वी के सबसे करीब या भूमध्य रेखा के सबसे करीब होता है। पृथ्वी का अपनी कक्षा में लगभग (23.5ट्ट) झुकाव होने के कारण, सूर्य की किरणें उत्तरी गोलार्ध में बहुत कम दूरी तय करके सीधे सतह पर पहुंचती हैं। वैज्ञानिक दृष्टि से पृथ्वी और सूर्य की स्थिति, वायुमंडलीय परिस्थितियों तथा गर्म हवाओं के कारण यह समय अत्यधिक गर्म होता है।

नवतपा के दौरान सावधानियाँ : दोपहर में धूप से बचें, पर्याप्त पानी पिएँ, हल्के सूती कपड़े पहनें, नींबू पानी आदि लें, बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें।

जलवायु परिवर्तन और पृथ्वी के बढ़ते तापमान आज पूरी दुनिया के लिए गंभीर चिंता का विषय हैं। इसके पीछे अनेक वैज्ञानिक कारण कार्य कर रहे हैं। सरल शब्दों में समझें तो पृथ्वी का औसत तापमान लगातार बढ़ रहा है, जिससे मौसम के स्वरूप, वर्षा चक्र, समुद्र स्तर और प्राकृतिक संतुलन पर प्रभाव पड़ रहा है।

गर्मी में बढ़ते तापमान और भीषण लू (हीटवेव) के पीछे मुख्य कारण जलवायु परिवर्तन, ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन, और शहरों में पेड़ों की कटाई के कारण बढ़ता अर्बन हीट आइलैंड प्रभाव है?बढ़ते तापमान और इसके लगातार विकराल रूप लेने के प्रमुख कारण जलवायु परिवर्तन , जीवाश्म ईंधन के अत्यधिक उपयोग और वनों की कटाई के कारण कार्बन डाइऑक्साइड (ष्ह्लद्ब2) और मीथेन जैसी ग्रीनहाउस गैसें वायुमंडल में जमा हो रही हैं। ये गैसें सूर्य की गर्मी को सोख लेती हैं और उसे अंतरिक्ष में जाने से रोकती हैं, जिससे पृथ्वी का औसत तापमान बढ़ रहा है?शहरी ऊष्मा द्वीप शहरों में कंक्रीट, डामर (कोलतार) वाली सड़कें और बहुमंजिला इमारतें दिन भर गर्मी को सोख लेती हैं और रात के समय उसे छोड़ती हैं। इसके अलावा, पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से प्राकृतिक हरियाली खत्म हो गई है। वनों की कटाई पेड़ों के कटने से छाया और प्राकृतिक वाष्पीकरण की प्रक्रिया कम हो जाती है, जिससे आसपास के वातावरण में नमी घट जाती है और तापमान में उछाल आता है।मार्च-अप्रैल और मई के महीनों में धूल भरी आंधी और हल्की बारिश से तापमान में गिरावट आती है। इनमें कमी आने और वायुमंडल में उच्च दबाव का क्षेत्र बनने से गर्म हवाएं नीचे की तरफ धकेली जाती हैं, जिससे भीषण लू की स्थिति बनती है। प्रशांत महासागर में पानी के गर्म होने से भी मौसम का चक्र प्रभावित होता है, जो भारत और अन्य क्षेत्रों में हवाओं के पैटर्न और मानसून को बदल देता है, जिससे गर्मी का प्रकोप बढ़ जाता है।

गर्मियों में बढ़ते तापमान के कारण स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव, जैसे हीटस्ट्रोक से बचने के लिए हमेशा पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं।बाहर निकलते समय सिर और चेहरे को सूती कपड़े से ढक कर रखें।

ग्रीनहाउस प्रभाव ,पृथ्वी के वायुमंडल में कुछ गैसें ऐसी होती हैं जो सूर्य से आने वाली ऊष्मा को रोककर पृथ्वी को गर्म बनाए रखती हैं। इन्हें ग्रीनहाउस गैसें कहते हैं। मुख्य ग्रीनहाउस गैसें कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ-2), मीथेन नाइट्रस ऑक्साइड जलवाष्प, क्लोरोफ्लोरोकार्बन। इन गैसों की सामान्य मात्रा पृथ्वी पर जीवन के लिए आवश्यक है, लेकिन जब इनकी मात्रा अत्यधिक बढ़ जाती है, तब अधिक ऊष्मा वायुमंडल में फँस जाती है और पृथ्वी का तापमान बढ़ने लगता है।

जीवाश्म ईंधनों का अत्यधिक उपयोग, औद्योगिक क्रांति के बाद से मानव द्वारा कोयला, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस का अत्यधिक उपयोग किया जाने लगा।इनके जलने पर बड़ी मात्रा में सीओ-2 उत्पन्न होती है।वाहन, बिजली उत्पादन संयंत्र, उद्योग, एयर कंडीशनर और मशीनें आदि इसके मुख्य कारण है।

## गाय-गोमांस की राजनीतिः आखिरकार हम फिर वहीं पहुंच गए

**राम पुनियानी**

चुनाव आयोग की चालबाजियों और न्यायपालिका की अनदेखी के चलते भाजपा, पश्चिम बंगाल में सत्ता पर काबिज होने में कामयाब रही। इससे राज्य के मुस्लिम अल्पसंख्यक जबरदस्त दहशत में हैं। सरकार ने हर जिले में नजरबंदी केन्द्रों का निर्माण प्रारंभ कर दिया है जिनमें बांग्लादेश के कथित घुसपैठियों को रखा जाएगा और अन्य कई बातों के अतिरिक्त, छत्रपति शिवाजी महाराज के एक विशाल स्मारक के निर्माण की बात कही है। जिस मुद्दे पर राज्य की हिन्दू आबादी अत्यंत बेचैन है वह है गाय-गोमांस के नाम पर मुसलमानों की लिंचिंग का अभियान। ईद नजदीक आने के साथ ही हिन्दू अपने गाय-बैलों को बेचने के लिए बाजार में लाए किंतु यह देखकर उन्हें बहुत निराशा हुई कि वहां गोवंश का एक भी खरीददार नहीं था। मुसलमानों ने सामूहिक रूप से यह फैसला ले लिया था कि वे ईद पर इन पशुओं की कुर्बानी नहीं देंगे। जमात-ए-इस्लामी-ए-हिन्द के प्रमुख मौलाना अरशद मदनी से लेकर असादुदीन ओवैसी जैसे राजनीतिज्ञों तक, मुस्लिम समुदाय के ज्यादातर नेताओं ने मांग की है कि गाय को बाघ की जगह राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाए।

बाजारों में गोवंश के पशुओं को बेचने आए हिन्दुओं से मुसलमान कह रहे हैं कि ये तुम्हारी मां हैं और इन्हें तुम अपने घर पर रखो। कई गरीब किसान इन जानवरों को ईद के अवसर पर बेचने के लिए पालते हैं ताकि उन्हें इनकी अच्छी कीमत मिल सके और इस आमदनी से उन्हें अपना जीवनयापन करने में सहायता मिले। वे हताश हैं क्योंकि उस आमदनी का इस्तेमाल करने की जो भी योजना उन्होंने बना रखी थी, वह मिट्टी में मिलती नजर आ रही है। मुस्लिम समुदाय और मुस्लिम संगठनों ने गाय-गोमांस के बहाने बड़े पैमाने पर मुसलमानों की लिंचिंग की घटनाएं देखी हैं, खासतौर से पिछले 12 सालों के दौरान। मोहम्मद अखलाक से लेकर मोहम्मद जुनैद तक, पिछले कुछ सालों में 100 से अधिक लिचिंग की घटनाएं हुई हैं। इंडियास्पेन्ड के आंकड़ों से पता चलता है कि 2014 से 2018 के बीच गाय से जुड़ी हिंसा में 46 मुसलमान और दलित मारे गए।

हमें याद है कि गुजरात के ऊना में मृत गायों को उनकी खाल उतारने के लिए ले जा रहे चार दलितों को बेरहमी से पीटा गया था। इसके बाद युवा दलित नेता जिग्नेश मेवानी ने गायों की खरीद-फरोख्त को रोकने का अभियान चलाया और दलितों को भूमि आवंटित किए जाने की मांग की। गौरक्षकों द्वारा बनाया गया यह माहौल, जिसे सत्ताधारियों का संरक्षण और संघ परिवार की वैचारिक सहमति हासिल है, अत्यंत भयावह है। कई आचार्यों ने यह तक कहा कि एक गाय के जीवन का मूल्य कई मनुष्यों के जीवन से ज्यादा है। बाबा रामदेव ने गाय से जुड़े उत्पादों को बढ़ावा दिया और गौमूत्र तक बेचकर अच्छी-खासी रकम कमाई। संबित पात्रा, जो भाजपा के प्रमुख प्रवक्ता हैं, ने दावा किया कि गाय का गोबर हीरे से अधिक मूल्यवान है। उल्लेखनीय है कि वे आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में स्नातकोत्तर हैं।

गुजरात के एक अन्य प्राध्यापक ने बेजोड़ शोध कर बताया कि गौमूत्र में सोना होता है। सोने की आसमान छूती कीमतों के बीच यह कितनी राहत पहुंचाने वाली बात है! मुस्लिम समुदाय के सामूहिक फैसले पर वापिस आएं, तो इससे पहचान की राजनीति का नतीजा गरीब किसानों को भुगतना पड़ रहा है। देखना होगा कि हिन्दुत्ववादी सरकार गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने का पवित्र निर्णय लेती है या नहीं। ऐसा होने बहुत से उन गैर-मुस्लिम व्यापारियों को नुकसान झेलना पड़ेगा जो गोमांस के निर्यात से जुड़े हुए हैं। गोमांस के प्रमुख निर्यातक हिंदू और जैन समुदायों के अभिजात वर्ग के हैं। अल कबीर एक्सपोर्ट्स प्राईवेट लिमिटेड भारत में मांस और गोमांस के सबसे बड़े निर्यातकों में से एक हैं। इनका तेलंगाना में बहुत बड़ा बूचड़खाना है। कई सूचनाओं के मुताबिक इस इकाई का मालिक सबरवाल परिवार है। अरेबियन एक्सपोर्ट्स प्राईवेट लिमिटेड बंबई का एक बड़ा मांस निर्यातक है। कई पीढ़ियों से सुनील कपूर परिवार इसका स्वामी भी है और प्रबंधन भी करता आ रहा है। एम। के। आर। फ्रोजन फुड एक्सपोर्ट्स प्राईवेट लिमिटेड, जिसका मुख्यालय दिल्ली में है, के पंजाब में कई पशुवध गृह हैं। इस कंपनी का प्रबंधन मदन एबोट प्राईवेट लिमिटेड करता है जिसका मुख्यालय चंडीगढ़ में है और इसके मालिकों में अन्यों के अलावा ए। एस। बिन्द्रा परिवार भी है।

इसके अलावा मांसाहार को भी बुरा बताया जा रहा है। हम जानते हैं कि गोवा, उत्तर-पूर्व और केरल में गोमांस का सेवन बड़े पैमाने पर किया जाता है। भारत में लगभग 77 प्रतिशत जनता मांसाहारी है (83।4 प्रतिशत पुरुष और 70।6 प्रतिशत महिलाएं) जो नियमित रूप से मांस, मछली या मुर्गा खाती है। तटीय इलाकों में मछली और अन्य स्थानों पर मुर्गा और मटन आदि खाया जाता है। कई लोगों का दावा है कि ब्राम्हण मांसाहारी नहीं होते। कश्मीरी पंडित मटन के व्यंजनों का सेवन मजे से करते है। कश्मीरी व्यंजनों का सरताज रोगन जोश मटन का अत्यंत खुशबूदार व्यंजन है। बिहार में भी ब्राम्हण अन्य मांसहारी व्यंजनों के अतिरिक्त खासतौर से मटन का सेवन करते हैं।

जानबूझकर फैलाई जाने वाली इन बातों, जिन्होंने आम धारणाओं का रूप ले लिया है, से सच्चाई बहुत अलग है। ये बातें इसलिए फैलाई जाती हैं ताकि यह कुतर्क दिया जा सके कि मुसलमान मुख्यतः मांसहारी होते हैं और इसी वजह से इतने हिंसक होते हैं। बंगाल में चुनावों के दौरान, जिसमें भाजपा और ममता बनर्जी के बीच मुख्य मुकाबला था, ममता ने कहा था कि यदि भाजपा सत्ता में आई तो माछ-भात जो पसंदीदा बंगाली व्यंजन है, मिलना मुश्किल हो जाएगा।

इसके जवाब में 'गोली मारो' वाले नारे के लिए कुख्यात पूर्व केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने माछ-भात खाते हुए अपना वीडियो जारी किया और कहा कि भाजपा के राज में मांसाहार पर कोई पाबंदी नहीं लगाई जाती।



# सीमांत क्षेत्र में गूंजा 'नीति एक्सट्रीम अल्ट्रा रन', पर्यटन और रोजगार को मिलेगा बढ़ावाः मुख्यमंत्री

**पथ प्रवाह, चमोली**

सीमांत जनपद चमोली की सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण नीति घाटी में आयोजित 'नीति एक्सट्रीम अल्ट्रा रन' ने न केवल खेल भावना को नई ऊंचाई दी, बल्कि सीमांत क्षेत्रों में पर्यटन, रोजगार और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती देने का संदेश भी दिया।

कार्यक्रम के पुरस्कार वितरण समारोह को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यह आयोजन सीमांत क्षेत्रों में नए विश्वास और स्वाभिमान की इबारत लिख रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में संचालित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के तहत ऐसे आयोजन सीमांत गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सीमांत गांवों को 'देश का पहला गांव' मानते हुए उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में यह आयोजन महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि नीति क्षेत्र में होम स्टे की संख्या 35 से बढ़कर 450 से अधिक हो चुकी है, जो पर्यटन की बढ़ती संभावनाओं का प्रमाण है।



उन्होंने कहा कि 11 हजार फीट की ऊंचाई पर आयोजित यह अल्ट्रा रन युवाओं के साहस, ऊर्जा और आत्मविश्वास का प्रतीक है। 'नीति घाटी का जागरण सीमांत स्वाभिमान, आत्मनिर्भरता और नए विश्वास का प्रतीक है,' उन्होंने कहा।

पर्यटन विभाग द्वारा भारतीय सेना और आईटीबीपी के सहयोग से आयोजित इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में देश के 27 राज्यों से 1200 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। आयोजन का उद्देश्य पर्यटन को बढ़ावा देना, स्थानीय संस्कृति को राष्ट्रीय पहचान दिलाना और युवाओं में फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

### विभिन्न स्पर्धाओं में विजेताओं का दबदबा

5, 10, 21, 42 और 75 किलोमीटर की विभिन्न दौड़ प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मलारी गांव में आयोजित समारोह में विजेताओं को पुरस्कार राशि और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

05 किलोमीटर अंडर-18 वर्ग में हर्षित यादव और रेखा ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि 10 किलोमीटर ओपन वर्ग में सुरेंद्र सिंह और पूजा बिष्ट विजेता रहे। 21 किलोमीटर वर्ग में लोकेश कुमार और प्रिया ने शीर्ष स्थान हासिल किया।

42 किलोमीटर मैराथन में यश राज और दिया विजेता रहे, जबकि 75 किलोमीटर अल्ट्रा रन में दिगंबर सिंह और मीनाक्षी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### राष्ट्रीय स्तर पर मिली पहचान

इस आयोजन में 1100 से अधिक प्रतिभागियों ने विभिन्न श्रेणियों में भाग लिया, जिससे यह कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने में सफल रहा।

### अंतिम दिन होगा एमटीबी चैलेंज

आयोजन के अंतिम दिन 2 जून को गमसाली से मलारी के बीच 30 किलोमीटर एमटीबी चैलेंज प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें 100 से अधिक प्रतिभागियों के भाग लेने की संभावना है।

# पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद्र खण्डूड़ी को भावभीनी श्रद्धांजलि, मुख्यमंत्री धामी ने बताया विकास पुरुष

**पथ प्रवाह, देहरादून।**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को गढ़ी कैंट स्थित स्वर्गीय हरबंश कपूर मेमोरियल कम्युनिटी हॉल में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारत सरकार के पूर्व मंत्री मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) भुवन चंद्र खण्डूड़ी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि खण्डूड़ी जी का व्यक्तित्व बहुआयामी था। वे एक अनुशासित सैनिक, दूरदर्शी प्रशासक, आदर्श जनप्रतिनिधि और उत्तराखंड के विकास पुरुष के रूप में सदैव याद किए जाएंगे। उन्होंने अपने जीवन का प्रत्येक क्षण राष्ट्र और समाज की सेवा के लिए समर्पित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि खण्डूड़ी जी कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी, सादगी और राष्ट्रसेवा के प्रतीक थे। उनके जीवन से सार्वजनिक जीवन में शुचिता और समर्पण की प्रेरणा मिलती रहेगी। उन्होंने खण्डूड़ी जी के सैन्य जीवन को स्मरण करते हुए कहा कि भारतीय सेना में रहते हुए उन्होंने 1971 के भारत-पाक युद्ध में अद्वितीय साहस, नेतृत्व क्षमता और रणनीतिक कौशल का परिचय दिया। सीमांत क्षेत्रों में आधारभूत संरचनाओं के निर्माण में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए उन्हें 'अति विशिष्ट सेवा मेडल' से सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद भी उनका जनसेवा का संकल्प जारी रहा। वर्ष 1991 में गढ़वाल लोकसभा क्षेत्र से सांसद निर्वाचित होकर उन्होंने संसद में पृथक उत्तराखंड राज्य की मांग को मजबूती से उठाया और पांच बार सांसद के रूप में क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया।





उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री के रूप में खण्डूड़ी जी ने देश के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्वर्णिम चतुर्भुज योजना और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जैसी परियोजनाओं को गति देने में उनका योगदान उल्लेखनीय रहा। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने सुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही को प्रशासन की आधारशिला बनाया और राज्य के विकास को नई दिशा दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सार्वजनिक जीवन में उच्च पदों पर रहने के बावजूद खण्डूड़ी जी ने अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया। वे सदैव आमजन के बीच रहकर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध रहे। उन्होंने कहा कि खण्डूड़ी जी का निधन पूरे राष्ट्र के लिए अपूरणीय क्षति है। उनके साथ एक युग का अंत हुआ है, लेकिन उनके विचार और आदर्श सदैव समाज का मार्गदर्शन करते रहेंगे। श्रद्धांजलि सभा में विधानसभा अध्यक्ष रितु खण्डूड़ी, पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी, स्वामी रामदेव सहित अनेक जनप्रतिनिधि, साधु-संत और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# यात्रा मार्ग पर हूटर-माइक लगाकर रौब दिखाने वालों को दिखाया आइना




**पथ प्रवाह, चमोली।**

चारधाम यात्रा मार्गों पर यातायात व्यवस्था को सुचारू, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाए रखने के लिए चमोली पुलिस द्वारा 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कोतवाली चमोली पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान सुनील कुमार पुत्र प्रेमचंद निवासी शक्तिनगर, फतेहाबाद (हरियाणा) को अपनी गाड़ी में अवैध रूप से हूटर एवं माइक का प्रयोग करते हुए पाया गया। वाहन से निकल रही तेज आवाज के कारण आमजन एवं यात्रा पर आए श्रद्धालुओं को असुविधा हो रही थी तथा यातायात व्यवस्था भी प्रभावित हो रही थी। पुलिस टीम द्वारा तत्काल वाहन को रोककर जांच की गई। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर वाहन से अवैध हूटर उतरवाया गया तथा सुनील कुमार सहित कुल 05 व्यक्तियों के विरुद्ध ऑपरेशन प्रहार के तहत चालानी कार्रवाई की गई। चमोली पुलिस ने संबंधित व्यक्तियों को भविष्य में यातायात नियमों का पालन करने तथा वाहनों में अवैध हूटर, माइक एवं अन्य प्रतिबंधित उपकरणों का प्रयोग न करने की सख्त चेतावनी दी। चमोली पुलिस का स्पष्ट संदेश है कि यात्रा मार्गों पर नियमों से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा एवं शांतिपूर्ण यात्रा सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# आकाश एजुकेशनल सर्विसेज़ हरिद्वार के 13 छात्रों ने किया जेईई एडवांस्ड 2026 क्वालिफ़ाई




**पथ प्रवाह, हरिद्वार।**

आकाश एजुकेशनल सर्विसेज़ हरिद्वार के 13 छात्रों ने जेईई 2026 क्वालिफाई किया है। सोमवार को घोषित किए गए परीक्षा परिणाम की जानकारी देते हुए इंस्टीट्यूट के मैनेजर मनोहर कुमार, एकेडमिक हेड हेमंत कुमार ने बताया कि आयुष बर्दिया ने 198 अंकों के साथ 1423 , एकाग्र जैन ने 150 अंकों के साथ 5752, भव्य अग्रवाल ने 136 अंकों के साथ 8817, कार्तिक गुप्ता ने 15521, अद्रिजा साह 16151, नवनीत ध्यानी 16365, आद्या अग्रवाल 17018, नित्यंत गुप्ता 18457, इंद्रनील गांगुली 18704, कनिष्क गर्ग 23252, अनुभव नेगी 24343, देवांश नेगी 28144 और इशिता गुप्ता 29683 अखिल भारतीय रैंक हासिल की है। इंस्टीट्यूट के शिक्षकों ने परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले सभी छात्रों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। एकेडमिक हेड हेमंत कुमार ने बताया कि जेईई एडवांड देश की सबसे कठिन इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं में से एक है। परीक्षा क्वालीफाई करने वाले सभी छात्र आकाश एजुकेशनल सर्विसेज़ लिमिटेड के क्लासरूम प्रोग्राम में नामांकित थे। छात्रों की कामयाबी उनकी अटूट लगन, अनुशासित तैयारी और आगे बढ़ने की मज़बूत चाहत का नतीजा है। छात्रों ने आकाश इंस्टीट्यूट का आभार जताते हुए कहा कि परीक्षा की तैयारी के दौरान शिक्षकों से मिले मार्गदर्शन, एकेडमिक मदद, मेंटरशिप, स्टडी मटीरियल, क्लासरूम सेशन, मॉक टेस्ट और रेगुलर असेसमेंट ने कॉन्सेप्ट को मज़बूत करने और परफ़ॉर्मेंस को बेहतर बनाने में मदद की। छात्रों ने कहा कि शिक्षकों और माता-पिता के सहयोग के बिना यह कामयाबी मुमकिन नहीं थी।

# खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई, आनन्दा डेयरी पर तीन लाख रुपये का जुर्माना

पथ प्रवाह, हरिद्वार।

चारधाम यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को शुद्ध, सुरक्षित एवं गुणवत्ता युक्त खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने खाद्य सुरक्षा मानकों के उल्लंघन पर सख्त रुख अपनाया है। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जनपदभर में होटल, ढाबों, रेस्टोरेंट और खाद्य प्रतिष्ठानों में लगातार निरीक्षण एवं छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

सहायक आयुक्त एवं जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी महिमानंद जोशी ने बताया कि चारधाम यात्रा और गर्मी के मौसम को देखते हुए विभाग ने खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान शुरू किया है। इसी क्रम में सोमवार को खाद्य सुरक्षा की संयुक्त टीम ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी पवन कुमार के नेतृत्व में हरिद्वार बस अड्डे एवं रेलवे स्टेशन क्षेत्र स्थित आठ अस्थायी एवं स्थायी खाद्य प्रतिष्ठानों, रेस्टोरेंट और ढाबों का निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान तीन खाद्य कारोबारियों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के तहत साफ-सफाई बनाए रखने, ढक्कनयुक्त कूड़ेदान रखने तथा चारधाम यात्रा और मेलों में आने वाले श्रद्धालुओं को ताजा भोजन परोसने के निर्देश दिए गए। वहीं, दो खाद्य कारोबारियों के पास एफएसएसएआई लाइसेंस नहीं मिलने तथा खाद्य सुरक्षा मानकों की अनदेखी पाए जाने पर उनके खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। इसके अलावा जनसामान्य से प्राप्त शिकायतों का भी मौके पर निस्तारण किया गया। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि चारधाम यात्रा को देखते हुए जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में यह अभियान लगातार जारी रहेगा और खाद्य पदार्थों में मिलावट, ओवररेटिंग तथा गुणवत्ता से समझौता करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### आनन्दा डेयरी पर 3 लाख रुपये का आर्थिक दंड

इस बीच विभाग की एक महत्वपूर्ण कार्रवाई में आनन्दा डेयरी, रामनगर, ज्वालापुर पर तीन लाख रुपये का आर्थिक दंड लगाया गया है। विभाग के अनुसार गत वर्ष कांवड़ मेले के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी कैलाश चन्द्र टम्टा ने प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा एवं मानक (खाद्य कारोबार के लिए लाइसेंस एवं पंजीकरण) विनियम-2011 के तहत आवश्यक लाइसेंस अथवा पंजीकरण प्रमाणपत्र प्रस्तुत नहीं किया गया था। साथ ही प्रतिष्ठान में एक्सपायरी (कालातीत) खाद्य सामग्री भी पाई गई थी।

मामले में खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा न्याय निर्णायक अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) हरिद्वार की अदालत में वाद दायर किया गया था। सुनवाई के बाद न्यायालय ने आनन्दा डेयरी को दोषी मानते हुए उस पर 3 लाख रुपये का आर्थिक दंड अधिरोपित किया है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि श्रद्धालुओं और उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा खाद्य सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों के खिलाफ आगे भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

## एक नजर

### ‘मिस्टर कूल’ हरिद्वार पुलिस कप्तान नवनीत भुल्लर

**अपराधियों के लिए खौफ, जनता के लिए सुरक्षा और विश्वास का चेहरा**

नवीन चौहान, हरिद्वार। जनपद हरिद्वार की कानून व्यवस्था इन दिनों एक नए आत्मविश्वास के साथ मजबूत होती दिखाई दे रही है। इसकी बड़ी वजह माने जा रहे हैं पुलिस कप्तान नवनीत सिंह भुल्लर, जिन्हें लोग ‘मिस्टर कूल’ के नाम से भी जानने लगे हैं। शांत स्वभाव, स्पष्ट रणनीति और सख्त कार्यशैली के इस संतुलन ने उन्हें जनता के बीच लोकप्रिय और अपराधियों के बीच भय का पर्याय बना दिया है।



#### सख्त एक्शन, साफ संदेश

पुलिस कप्तान नवनीत भुल्लर के नेतृत्व में हरिद्वार पुलिस ने अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। संगठित अपराध, नशा तस्करी, लूट, चोरी और गैंगवार जैसी गतिविधियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। कई बड़े अपराधियों की गिरफ्तारी और गैंगों का पर्दाफाश यह दर्शाता है कि पुलिस अब केवल प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि प्री-एम्प्टिव (पूर्व रोकथाम) रणनीति पर काम कर रही है।

#### कानून व्यवस्था में दिखा ठोस सुधार

जनपद के संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी, रात्रि गश्त की सख्ती, और तकनीकी संसाधनों के बेहतर उपयोग से अपराध ग्राफ में गिरावट दर्ज की जा रही है। सीसीटीवी नेटवर्क का विस्तार और पुलिस की त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली (ऋद्धह्यश्चश्ठ्ठह्यद्ग ञ्द्बद्ग) में सुधार ने आम नागरिक को सुरक्षा का अहसास कराया है।

#### ‘कूल’ अंदाज, लेकिन निर्णय कठोर

पुलिस कप्तान नवनीत भुल्लर की कार्यशैली की खास बात यह है कि वे बिना किसी दबाव के पूरी दृढ़ता के साथ फैसले लेते हैं। क्राइम मीटिंग्स में स्पष्ट दिशा-निर्देश, फील्ड में लगातार निगरानी और अधीनस्थों के साथ बेहतर तालमेल से पुलिसिंग को प्रभावी बनाया है। यही वजह है कि पुलिस महकमे में भी उनका नेतृत्व प्रेरणादायक माना जा रहा है।

#### जनता के प्रति संवेदनशील पुलिसिंग

कप्तान नवनीत भुल्लर के निर्देशों पर जहां एक ओर अपराधियों पर सख्ती है, वहीं आम जनता के प्रति पुलिस का व्यवहार मानवीय और संवेदनशील दिखाई पड़ता है। शिकायतों के त्वरित निस्तारण, महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों में प्राथमिकता, और जनसुनवाई कार्यक्रमों के जरिए पुलिस-जनता के बीच विश्वास मजबूत हुआ है।

#### नशे और असामाजिक तत्वों पर कड़ा प्रहार

हरिद्वार जैसे धार्मिक और पर्यटन केंद्र में नशा और असामाजिक गतिविधियां लंबे समय से चुनौती रही हैं। नवनीत भुल्लर के नेतृत्व में चलाए जा रहे विशेष अभियान–नशा मुक्त अभियान, सत्यापन ड्राइव, और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर–ने इन समस्याओं पर काफी हद तक नियंत्रण पाया है।

#### तकनीक और इंटेलिजेंस का स्मार्ट इस्तेमाल

आधुनिक पुलिसिंग के तहत इंटेलिजेंस नेटवर्क को मजबूत किया गया है। सोशल मीडिया मॉनिटरिंग, डिजिटल सर्विलांस और डेटा आधारित विश्लेषण के जरिए अपराध की रोकथाम और जांच को तेज और सटीक बनाया गया है।

#### टीम वर्क बना सफलता की कुंजी

एसएसपी नवनीत भुल्लर की रणनीति केवल व्यक्तिगत नेतृत्व तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरी टीम को साथ लेकर चलने पर आधारित है। थाना स्तर तक जवाबदेही तय करना, अच्छा काम करने वाले पुलिसकर्मियों को प्रोत्साहन और लापरवाही पर सख्ती–इन सबने पुलिस बल में नई ऊर्जा भर दी है।

हरिद्वार में पुलिसिंग का यह नया मॉडल ‘सख्ती और संवेदनशीलता’ का संतुलित उदाहरण बनकर उभर रहा है। नवनीत भुल्लर की ‘मिस्टर कूल’ छवि भले ही सौम्यता दर्शाती हो, लेकिन उनके नेतृत्व में कानून का इकबाल इतना बुलंद है कि अपराधियों के लिए अब हरिद्वार आसान ठिकाना नहीं रहा। जनता के लिए यह भरोसे का दौर है–जहां पुलिस न सिर्फ सुरक्षा दे रही है, बल्कि विश्वास भी जीत रही है।

## पंचक स्लॉट चैंपियनशिप में आशिहारा के खिलाड़ियों ने जीते 3 गोल्ड सहित 11 पदक

पथ प्रवाह, हरिद्वार। उत्तराखंड राज्य पंचक स्लॉट चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए हरिद्वार के आशिहारा कराटे मिक्स मार्शल आर्ट के खिलाड़ियों ने 3 गोल्ड, 3 सिल्वर और 5 ब्राउंज मेडल हासिल किए हैं। आशिहारा के स्टेट सचिव अमित कुमार चौधरी ने बताया कि 29 और 30 मई को आयोजित की गयी राज्य पंचक स्लॉट चैंपियशनशिप में 250 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। प्रतियोगिता में आशिहारा कराटे मिक्स मार्शल आर्ट के 12 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जिनमें सानवी पंत, आरुष, और भावेश जोशी ने गोल्ड, सृष्टि सागर, रवनीत कौर और एश्वर्य शर्मा ने सिल्वर एवं ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त करने वाले का नाम इस प्रकार है श्रेयस सिंह पटवार, दक्षित गुप्ता, मानव तिवारी यश सेठी और आयुष भावरा ने ब्रांज मेडल प्राप्त किए। अमित कुमार चौधरी ने बताया



कि खेल मंत्री रेखा आर्य ने सभी खिलाड़ियों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। पंचक स्लॉट के सचिव बाबू दिवाकर और निखिल भारती ने चैपियनशिप के आयोजन में सहयोग किया।

## दृढ़ संकल्प के आगे नहीं कोई सीमा: सेरेब्रल पाल्सी को चुनौती देकर अनुराग रावत ने पूरी की 10 किमी दौड़

**पथ प्रवाह, चमोली**

सीमांत जनपद चमोली की दुर्गम नीति घाटी में आयोजित ‘नीति एक्स्ट्रीम अल्ट्रा रन’ के दौरान 25 वर्षीय अनुराग रावत ने अदम्य साहस, आत्मविश्वास और अटूट जज्बे का परिचय देते हुए 10 किलोमीटर की कठिन दौड़ पूरी कर सभी को प्रेरित किया।

लगभग 1 घंटा 45 मिनट में दौड़ पूरी करते हुए अनुराग ने ‘Beyond Limits, Beyond the Canyon’ के संदेश को साकार कर दिखाया और यह साबित किया कि दृढ़ इच्छाशक्ति के सामने कोई भी चुनौती बड़ी नहीं होती।

मूल रूप से पौड़ी जनपद के निवासी तथा वर्तमान में दिल्ली में रह रहे अनुराग रावत ने सेरेब्रल पाल्सी जैसी दिव्यांगता के बावजूद नीति घाटी की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों–ऊंचे पहाड़, दुर्गम रास्ते और सीमित ऑक्सीजन–के बीच इस चुनौतीपूर्ण दौड़ को सफलतापूर्वक पूरा किया।



अनुराग का यह प्रदर्शन आयोजन में उपस्थित प्रतिभागियों और दर्शकों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया। उन्होंने यह संदेश दिया कि दिव्यांगता किसी भी व्यक्ति की क्षमता को सीमित नहीं कर सकती। उनके साहस, दृढ़ निश्चय और सकारात्मक सोच ने सभी को प्रभावित किया।

अनुराग ने बताया कि वह इससे पूर्व भी कई प्रतियोगिताओं में भाग ले चुके हैं। उन्होंने कहा, ‘सीमाएं केवल हमारे दिमाग में होती हैं। यदि संकल्प मजबूत हो, तो इंसान अपने शरीर को किसी भी मंजिल तक पहुंचा सकता है। ’

‘नीति एक्सट्रीम अल्ट्रा रन’ के इस भव्य आयोजन में देशभर से उत्साहजनक भागीदारी देखने को मिली। सीमांत नीति घाटी में आयोजित इस एडवेंचर स्पोर्ट्स आयोजन में देश के 27 राज्यों से आए 1200 से अधिक प्रतिभागियों ने विभिन्न श्रेणियों में हिस्सा लेते हुए खेल भावना और साहस का परिचय दिया।

## गौकशी मामले में 3 माह से फरार दो वांछित आरोपित गिरफ्तार

**पथ प्रवाह, हरिद्वार।**

जनपद में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत कोतवाली भगवानपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। गौकशी के एक मामले में पिछले तीन माह से फरार चल रहे दो वांछित आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह के निर्देश पर वांछित अपराधियों और आपराधिक तत्वों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपितों रहमान और जिशान को दबोच लिया। दोनों के खिलाफ उत्तराखंड गौवंश संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज है।



पुलिस के अनुसार गिरफ्तारी से बचने के लिए दोनों आरोपित लगातार अपने ठिकाने बदल रहे थे और लंबे समय से फरार चल रहे थे। मुखबिर की सूचना और लगातार की जा रही निगरानी के बाद पुलिस टीम ने दोनों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

गिरफ्तार आरोपितों की पहचान रहमान पुत्र तासीन तथा जिशान पुत्र जफर, निवासी ग्राम खेड़ी शिकोहपुर, कोतवाली भगवानपुर, जनपद हरिद्वार के रूप में हुई है।

# विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एडीएम ने की बैठक

**पथ प्रवाह, हरिद्वार।**

जनपद में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में उप निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी प्रशासन जितेंद्र कुमार की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ जिला कार्यालय सभागार में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी जितेंद्र कुमार ने उपस्थित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 01 जुलाई 2026 की अर्हता तिथि के आधार पर विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की आसन्न घोषणा 14 मई 2026 को की जा चुकी है। इस संबंध में पुनरीक्षण कार्यक्रम के विभिन्न चरणों की जानकारी उपलब्ध कराई गई।



उन्होंने बताया गया कि गणना प्रपत्रों की प्रिंटिंग एवं कर्मचारियों के प्रशिक्षण का कार्य 29 मई से 07 जून 2026 तक किया जाएगा, जबकि 08 जून से 07 जुलाई 2026 तक बी.एल.ओ द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों का वितरण एवं संकलन किया जाएगा। 14 जुलाई 2026 को ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा तथा 14 जुलाई से 13 अगस्त 2026 तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। इसके उपरांत 15 सितम्बर 2026 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद की 11 विधानसभा क्षेत्रों में इस पुनरीक्षण कार्य हेतु 11 ईआरओ, 64 एईआरओ तथा 1715 बीएलओ तैनात किए गए हैं। बीएलओ द्वारा प्रत्येक मतदाता के घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों का वितरण किया जाएगा, साथ ही पात्र नए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करने हेतु आवश्यक प्रपत्र भी उपलब्ध कराए जाएंगे।

बैठक में बताया गया कि 01 जुलाई 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं को मतदाता सूची में शामिल करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। साथ ही मतदाता सूची में नाम संशोधन, विलोपन आदि के लिए निर्धारित प्रपत्रों के माध्यम से आवेदन किया जा सकेगा।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से अपेक्षा की कि वे अपने बीएलए के माध्यम से पुनरीक्षण कार्य में सक्रिय सहयोग प्रदान करें, ताकि जनपद में शत-प्रतिशत शुद्ध एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार की जा सके। उन्होंने राजनैतिक दलों से अपील करते हुए कहा कि जिन विधानसभा मतदेय स्थलों पर बीएलए नियुक्त नहीं किए गए हैं, वहां शीघ्र ही बीएलए की नियुक्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि निर्वाचन संबंधी कार्य समयबद्ध एवं सुचारु रूप से संपन्न हो सकें।

बैठक में भाजपा के प्रतिनिधि नकली सिंह सैनी, सोनू धीमान, कांग्रेस के प्रतिनिधि बालेश्वर सिंह, चंद्रपाल सिंह, सुरेंद्र ठाकुर, बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष मदनपाल, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी अरुणेश पैन्यूली, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी धनपाल सिंह रावत सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### गांजा तस्करी कर रहे आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पथ प्रवाह, हरिद्वार। ज्वालापुर कोतवाली पलिस ने गांजा तस्करी कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपित के कब्जे से 1.195 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। एसएसपी के नशा तस्करों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देशों के अनुपालन के लिए कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चन्द्रभान सिंह अधिकारी ने पुलिस टीमों का गठन किया है। रविवार को एसआई समीप पांडेय ने सहयोगी पुलिसकर्मियों कांस्टेबल अर्जुन चौहान व सुनीलदत्त शर्मा के साथ चेकिंग के दौरान गांजा तस्करी कर रहे जसविन्दर उर्फ जस्सी पुत्र हरजीत सिंह निवासी लाल मन्दिर कालोनी ज्वालापुर को दबोच लिया। आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी चरस, गांजा और शराब तस्करी के कई मामले में दर्ज हैं।



### जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने लापता महिला ट्रेकर के रेस्क्यू अभियान की ली जानकारी



पथ प्रवाह, उत्तरकाशी। जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने आपदा स्मार्ट कंट्रोल रूम पहुंचकर भटवाड़ी तहसील अंतर्गत दयारा बुग्याल ट्रेक मार्ग पर लापता हुई महिला ट्रेकर के रेस्क्यू अभियान की प्रगति एवं वर्तमान स्थिति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों से अब तक किए गए खोज एवं बचाव कार्यों, अभियान में लगाए गए संसाधनों, राहत एवं बचाव दलों की तैनाती तथा प्रभावित क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों के संबंध में विस्तार से जानकारी ली।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि महिला ट्रेकर की शीघ्र खोज सुनिश्चित करने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन में और अधिक तेजी लाई जाए तथा सभी उपलब्ध संसाधनों का प्रभावी उपयोग किया जाए। उन्होंने अभियान को मजबूत बनाने के लिए आईटीबीपी और आर्मी की सहायता लेने के भी निर्देश दिए, ताकि दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र में खोज अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

उन्होंने कहा कि कंट्रोल रूम से रेस्क्यू अभियान की लगातार निगरानी की जाए तथा अभियान से जुड़ी प्रत्येक गतिविधि की नियमित रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और किसी भी संभावित सुराग पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आज आपदा क्यूआरटी, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ एंव वन विभाग की टीमो द्वारा लापता महिला की खोज गोई कैंप से रैथल की तरफ अलग अलग दिशाओं में 5-5 किलोमीटर के दायरे मे सर्च अभियान किया गया। वर्तमान में खोज अभियान अभी जारी है।

### नीति घाटी को मुख्यमंत्री धामी की बड़ी सौगात, पर्यटन विकास को मिलेगी नई रफ्तार

पथ प्रवाह, चमोली। सीमांत जनपद चमोली की नीति घाटी में आयोजित 'नीति एक्सट्रीम अल्ट्रा रन' के पुरस्कार वितरण समारोह में वर्चुअल माध्यम से जुड़े मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने क्षेत्र के पर्यटन विकास को नई दिशा देने के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सीमांत क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ स्थानीय लोगों की आजीविका को सुदृढ़ करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इसी क्रम में नीति, मलारी, कोशा, फरकिया, बाम्पा, गुरगुटी, कैलाशपुर और महरगांव में सामुदायिक सहभागिता आधारित पर्यटन को प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन क्षेत्रों में सामुदायिक होम स्टे निर्माण के साथ ग्रामीण पर्यटन के लिए आधारभूत सुविधाओं का विकास किया जाएगा, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि नीति घाटी के विभिन्न गांवों और प्रमुख पर्यटक स्थलों पर पर्यटकों की सुविधा के लिए साइनज एवं व्यू प्वाइंट विकसित किए जाएंगे।

इसके अतिरिक्त चमोली जनपद के रिमखिम और बाड़ाहोती क्षेत्र में बॉर्डर टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए 'सीमा दर्शन केंद्र' का निर्माण किया जाएगा, जो पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा।

# जिलाधिकारी ने जनता दरबार में सुनी जनसमस्याएं, शिकायतों का कराया निस्तारण

**पथ प्रवाह, नई टिहरी।**

सोमवार को जिला सभागार, नई टिहरी में जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल नितिका खण्डेलवाल की अध्यक्षता में आयोजित जनता दरबार कार्यक्रम में जनपदवासियों की समस्याओं एवं शिकायतों को सुना गया। इस अवसर पर कुल 60 आवेदन पत्र प्राप्त हुए, जो पेयजल, पुनर्वास, मुआवजा, पेंशन सहित अन्य विषयों से संबंधित रहे।



कार्यक्रम के दौरान सीएम हेल्पलाइन एवं जन समर्पण पोर्टल पर दर्ज लंबित शिकायतों की समीक्षा भी की गई। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का समयान्तर्गत निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही पेंशन प्रकरण गंभीरता से ले, इसमें कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी। अन्यथा संबंधित अधिकारी व कर्मचारी के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

इस अवसर पर ग्राम व पो.ओ. रंगड़ गांव, तहसील धनोल्टी के सौंग बांध प्रभावित एवम विस्थापित विकास समिति के अध्यक्ष रविन्द्र सिंह, सचिव बलबीर सिंह सहित सभी पद्धाधिकारियों द्वारा सौंग बाँध परियोजना के प्रभावित एवं विस्थापित परिवारों को पूर्ण मुआवजा, पुनर्वास एवं अन्य देय लाभ प्रदान किए जाने की मांग की गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने समस्याओं का निदान का आश्वासन तथा सम्बन्धितों को आवश्यक करने के निर्देश दिए ।

नगर पालिका परिषद चम्बा सभासद शक्ति प्रसाद जोशी द्वारा चम्बा में पुरानी टिहरी रोड़, ऋषिकेश रोड़ व धरासू रोड़ की जीर्ण - शीर्ण दशा को ठीक कराये जाने की मांग पर एनएच व बीआरओ को आवश्यक कार्यवाही करने तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चम्बा के मुख्य गेट के समीप व शिव मन्दिर मोड़, ब्लाक रोड़ से मसूरी रोड़ को जोड़ने वाले मोड़ पर लोक निर्माण विभाग के द्वारा इण्टरलॉक टाइल पैंच न लगवाये जाने व सड़क की स्थिति बहुत ही खराब होने के शिकायत पर लोनिवि चम्बा को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

तहसील जाखणीधार ग्राम गराकोट प्रधान रीना देवी द्वारा उनकी ग्राम सभा में जेजेएम योजना के तहत कुछ घरों में पेयजल कनेक्शन नही होने से पेयजल की दिक्कत हो रही है सभी घरों को जेजेएम के तहत कनेक्शन दिलाए जाने की मांग पर ईई जल निगम चम्बा को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। तहसील कण्डीसौड़ के ग्राम रत्नौगाढ निवासिनी कौशा देवी का मकान / दुकान आलवेदर रोड़ में अधिग्रहण हो जाने के बाद अभी तक मुआवजा न मिलने के शिकायत पर बीआरओ / एसएलएओ को तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। जिला पंचायत बागी की सदस्य दर्शनी रावत द्वारा रानीचौरी - नकोट मोटर मार्ग निर्माण से बादशाहीथौल - रानीचौरी पैदल मार्ग क्षतिग्रस्त होने की शिकायत पर लोनिवि चरबा को तत्काल पैदल मार्ग ठीक करवाने, जिला पंचायत क्षेत्र बागी वार्ड-18 के अन्तर्गत भैतोंगी सेरा से बौराडी तक पड़ने वाली राइजिंग लाइन कई जगह से रास्तों में खुले में दिखाई दे रही है जिससे सम्बन्धित क्षेत्र के ग्रामीणों एवं पशुओं को खेतों में आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जिस पर सम्बधित विभागों को समयान्तर्गत आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए ।

जनता दरबार में सीडीओ वरुणा अग्रवाल, एडीएम शैलेंद्र नेगी, एसडीएम टिहरी कमलेश मेहता, सीएमओ डॉ. श्याम विजय, आईएएस प्रशिक्षु ज्योति सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे

# शिविर में किसानों और पेंशनधारियों की समस्याओं का हुआ समाधान

**पथ प्रवाह, हरिद्वार।**

समाज कल्याण योजनाएं एवं अनुश्रवण समिति, उत्तराखण्ड सरकार के उपाध्यक्ष (राज्यमंत्री स्तर) देशराज कर्णवाल ने सोमवार को झबरेड़ा क्षेत्र के ग्राम माधोपुर तथा हरिद्वार ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बादशाहपुर में आयोजित जनसमस्या समाधान एवं जनसंवाद शिविरों में प्रतिभाग कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं।



कार्यक्रम के अंतर्गत उपाध्यक्ष देशराज कर्णवाल ने प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक रविदास मंदिर, माधोपुर तथा दोपहर 2:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक पंचायत घर, बादशाहपुर में आयोजित शिविरों में उपस्थित होकर ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित किया। शिविर के दौरान ग्रामीणों ने किसान सम्मान निधि, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत योजना, जल निकासी हेतु नाले के निर्माण सहित विभिन्न जनहित से जुड़े विषयों को प्रमुखता से उठाया। माननीय उपाध्यक्ष जी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को सभी शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। माधोपुर शिविर में 40 से अधिक तथा बादशाहपुर शिविर में 18 से अधिक शिकायतें एवं समस्याएं प्राप्त हुई। इनमें सर्वाधिक मामले पेंशन योजनाओं से संबंधित थे। माननीय श्री कर्णवाल जी के निर्देश पर मौके पर उपस्थित अधिकारियों द्वारा 15 से अधिक पेंशनधारियों एवं पात्र लाभार्थियों की समस्याओं का तत्काल समाधान किया गया, जबकि शेष मामलों के शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर देशराज कर्णवाल ने कहा कि उत्तराखण्ड सरकार गांव, गरीब, किसान एवं जरूरतमंद नागरिकों तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में सरकार जनहित एवं सुशासन को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

# कांवड़ यात्री को गोली मारने की घटना का पुलिस ने किया खुलासा, चार आरोपित गिरफ्तार

**पथ प्रवाह, हरिद्वार।**

रविवार की देर रात्रि गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के पास कांवड़ यात्री को गोली मारने की सनसनीखेज घटना का पुलिस ने त्वरित खुलासा करते हुए चार आरोपियों को हिरासत में लिया है। मामले में अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

पुलिस के अनुसार, 1 जून की मध्य रात्रि डायल-112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि कांवड़ लेकर जा रहे एक यात्री को मोटरसाइकिल सवार युवकों ने गोली मार दी है। सूचना मिलते ही कोतवाली कनखल पुलिस मौके पर पहुंची और वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया। क्षेत्राधिकारी नगर तथा फील्ड यूनिट की टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया।

प्रारंभिक जांच में सामने आया कि उत्तर प्रदेश और हरियाणा से गंगाजल लेकर लौट रहे चार कांवड़ यात्रियों की गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के समीप 6-7 बाइक सवार युवकों से कहासुनी हो गई थी। मामूली विवाद और आपसी टिप्पणी के बाद झगड़ा बढ़ गया, जिसके दौरान बाइक सवार युवकों ने अजय पुत्र नरेश निवासी जिला पानीपत (हरियाणा) को गोली मार दी।

घायल अजय को उसके साथियों और पुलिस की मदद से तत्काल भूमानंद अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद



चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे एम्स ऋषिकेश रेफर कर दिया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत भुल्लर के निर्देश पर पुलिस टीमों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल शिवराज पुत्र जबर सिंह (20 वर्ष), निवासी शांतिपुरम कॉलोनी, जगजीतपुर, कनखल को घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल सहित हिरासत में लिया। इसके बाद पुलिस ने दबिश देकर अन्य आरोपियों आदित्य कुमार पुत्र राजकुमार (20 वर्ष), निवासी शांतिपुरम कॉलोनी, जगजीतपुर, कनखल, हेमंत कुमार पुत्र मनोज कुमार (22 वर्ष), निवासी जगजीतपुर, थाना कनखल तथा वंश गुप्ता पुत्र अखिलेश गुप्ता, हाल निवासी फुटबॉल ग्राउंड, जगजीतपुर को भी हिरासत में ले लिया।

पुलिस ने इस संबंध में कोतवाली कनखल में मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई कर आरोपितों का चालान कर दिया है। मामले में शामिल अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया है और लगातार दबिश दी जा रही है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत भुल्लर ने कहा कि सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध कठोरतम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

कांवड़ यात्री को गोली मारने की घटना का पुलिस ने किया खुलासा, चार आरोपित गिरफ्तार
पथ प्रवाह, हरिद्वार।
रविवार की देर रात्रि गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के पास कांवड़ यात्री को गोली मारने की सनसनीखेज घटना का पुलिस ने त्वरित खुलासा करते हुए चार आरोपियों को हिरासत में लिया है। मामले में अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है।
पुलिस के अनुसार, 1 जून की मध्य रात्रि डायल-112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि कांवड़ लेकर जा रहे एक यात्री को मोटरसाइकिल सवार युवकों ने गोली मार दी है। सूचना मिलते ही कोतवाली कनखल पुलिस मौके पर पहुंची और वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया। क्षेत्राधिकारी नगर तथा फील्ड यूनिट की टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया।
प्रारंभिक जांच में सामने आया कि उत्तर प्रदेश और हरियाणा से गंगाजल लेकर लौट रहे चार कांवड़ यात्रियों की गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के समीप 6-7 बाइक सवार युवकों से कहासुनी हो गई थी। मामूली विवाद और आपसी टिप्पणी के बाद झगड़ा बढ़ गया, जिसके दौरान बाइक सवार युवकों ने अजय पुत्र नरेश निवासी जिला पानीपत (हरियाणा) को गोली मार दी।
घायल अजय को उसके साथियों और पुलिस की मदद से तत्काल भूमानंद अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे एम्स ऋषिकेश रेफर कर दिया।
घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत भुल्लर के निर्देश पर पुलिस टीमों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल शिवराज पुत्र जबर सिंह (20 वर्ष), निवासी शांतिपुरम कॉलोनी, जगजीतपुर, कनखल को घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल सहित हिरासत में लिया। इसके बाद पुलिस ने दबिश देकर अन्य आरोपियों आदित्य कुमार पुत्र राजकुमार (20 वर्ष), निवासी शांतिपुरम कॉलोनी, जगजीतपुर, कनखल, हेमंत कुमार पुत्र मनोज कुमार (22 वर्ष), निवासी जगजीतपुर, थाना कनखल तथा वंश गुप्ता पुत्र अखिलेश गुप्ता, हाल निवासी फुटबॉल ग्राउंड, जगजीतपुर को भी हिरासत में ले लिया।
पुलिस ने इस संबंध में कोतवाली कनखल में मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई कर आरोपितों का चालान कर दिया है। मामले में शामिल अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया है और लगातार दबिश दी जा रही है।
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत भुल्लर ने कहा कि सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध कठोरतम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

# सहसपुर के ढ़ाकी गांव से कृषि मंत्री गणेश जोशी ने किया देशव्यापी 'खेत बचाओ अभियान' का शुभारंभ



पथ प्रवाह, देहरादून। प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने सहसपुर ब्लॉक के ढ़ाकी गांव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रेरणा से 1 जून से 30 जून तक पूरे देश में आयोजित होने वाले देशव्यापी 'खेत बचाओ अभियान' का प्रदेश में विधिवत शुभारम्भ किया। इस दौरान कृषि मंत्री गणेश जोशी ने विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया और आत्मा योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट किसानों को 25 हजार की धनराशि के चैक तथा प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित भी किया गया। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि इस अभियान के तहत कृषि वैज्ञानिक, कृषि विश्वविद्यालयों के विशेषज्ञ, कृषि विज्ञान केंद्र, भारत सरकार एवं राज्य सरकार के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और प्रगतिशील किसान गाँव-गाँव जाकर किसानों को संतुलित खाद उपयोग, नकली पेस्टिसाइड की पहचान और वैज्ञानिक खेती की जानकारी देंगे। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि हमारे खेत केवल भूमि का टुकड़ा नहीं हैं, बल्कि यही खेत हमें अन्न, फल, सब्जियाँ और जीवन प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि 'खेत बचेगा तो देश भी बचेगा,क्योंकि किसानों की समृद्धि, खाद्य सुरक्षा और राष्ट्र की उन्नति का आधार हमारी कृषि और उपजाऊ भूमि ही है। उन्होंने कहा कि किसानों की समृद्धि और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए मिट्टी की सेहत का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के असंतुलित और अत्यधिक उपयोग से धरती माँ की उर्वरा शक्ति लगातार प्रभावित हो रही है, जिससे कृषि उत्पादन की गुणवत्ता और पर्यावरण दोनों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि किसानों से मृदा परीक्षण के आधार पर संतुलित उर्वरक उपयोग, जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने तथा मिट्टी संरक्षण के प्रति जागरूक होने का आह्वान करते हुए कहा कि स्वस्थ मिट्टी ही समृद्ध किसान और आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में किसानों के कल्याण के लिए लगातार प्रयासरत है। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने प्रदेश के सभी किसानों से आग्रह करते हुए कहा कि इस अभियान से जुड़ें, वैज्ञानिक सलाह के अनुसार खाद का उपयोग करने और धीरे-धीरे प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर किसान आयोग अध्यक्ष अजीत सिंह चौधरी, उपाध्यक्ष जड़ी बूटी भुवन विक्रम डबराल, जिलाध्यक्ष मिता सिंह, सचिव कृषि एसएन पांडेय, निदेशक कृषि दिनेश कुमार, निदेशक उद्यान आरके सिंह सहित बड़ी संख्या में कृषकगण उपस्थित रहे।

# ऑपरेशन कालनेमी के पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 40 बहुरूपिए दबोचे

**पथ प्रवाह, हरिद्वार।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन कालनेमी के तहत पिरान कलियर क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 40 ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित किया, जो तांत्रिक एवं धार्मिक साधु-संतों का छद्म वेश धारण कर आमजन की धार्मिक भावनाओं का लाभ उठाने का प्रयास कर रहे थे।

पुलिस द्वारा 1 जून को दरगाह शरीफ, सरायों, रैन बसेरों तथा आसपास के अस्थायी ठिकानों में व्यापक सत्यापन अभियान चलाया गया। जांच के दौरान ऐसे व्यक्तियों की पहचान की गई जो विशेष रूप से महिलाओं और युवाओं को उनकी व्यक्तिगत एवं पारिवारिक समस्याओं के समाधान का झूठा भरोसा देकर आर्थिक लाभ अर्जित कर रहे थे।

पुलिस ने सभी 40 व्यक्तियों को थाने लाकर विस्तृत पूछताछ की तथा उनके विरुद्ध पुलिस एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि धार्मिक स्थलों की गरिमा बनाए रखने तथा श्रद्धालुओं को ठगी और भ्रम से बचाने के लिए इस प्रकार के अभियान आगे भी जारी रहेंगे। पकड़े गए आरोपितों के नाम पते लड्डुन पुत्र मौ0 इजाजुद्दीन निवागी ग्राम मोरना बिजनौर उम्र 54 वर्ष, अकबर पुत्र अनवर निवासी ग्राम सीताकेम मुबंई उम्र 60 वर्ष, नजीर पुत्र कबीर निवासी अलीगढ उम्र 60 वर्ष, वसीम पुत्र रसीम निवासी बुरादाबाद उम्र 55 वर्ष, मटरु पुत्र अलाराजी निवासी रसोली बदायू उम्र 55 वर्ष, यामीन पुत्र रसीद निवासी अमरोहा उम्र 50 वर्ष, शकील पुत्र शीद्दकी निवासी



इलाहबाद उम्र 60 वर्ष, शमीर पुत्र अब्दुल निवासी कलीसिया सहारनपुर उम्र 30 वर्ष, अफ्तार पुत्र ईशक निवासी सहारनपुर उम्र 40 वर्ष, नईम पुत्र यामीन निवासी भिकमपुर मुरादाबाद उम्र 35 वर्ष, विकास पुत्र प्रेमपाल निवासी बुलन्द शहन उम्र 23 वर्ष, सलमान पुत्र नूर मौहम्मद निवासी नोयडाफेस दिल्ली उम्र 26 वर्ष, आमिर पुत्र कल्लू निवासी गाजियाबाद उम्र 30 वर्ष, छोटू पुत्र उमा निवासी खरखडी गाजियाबाद उम्र 23 वर्ष, शंकर सिंह पुत्र भगवानसिह निवासी अजमेर उम्र 55 वर्ष, महताब पुत्र नईम निवासी लोगिया राजस्थान उम्र 48 वर्ष, राजेन्द्र पुत्र किशनसिंह निवासी ग्राम रामपुर मुरादाबाद उम्र 40 वर्ष, अबदुल्लाह पुत्र रजाक निवासी मिलगाडा सलदा उम्र 57 वर्ष, राजू पुत्र रमेश निवासी फरीदाबाद आगरा उम्र 40 वर्ष, अखलेश पुत्र वीरमपाल निवासी मेबपुरी उम्र 35 वर्ष, राजा पुत्र रमेश निवासी फरीदाबाद उम्र 45 वर्ष, मेराज अहमद उर्फ गुड्डू पुत्र अशफाख निवासी बनारस उम्र 48 वर्ष, फेजआलम पुत्र मनसूर आमलम उम्र 66 वर्ष, शिव गोपाल पुत्र राम हरक उम्र 46 वर्ष, राशिद पुत्र वफाती उम्र 47 वर्ष, इमरान पुत्र मौलामिया उम्र 60 वर्ष, मोजबील पुत्र बीरबल उम्र 52 वर्ष, रंणजीत पुत्र करमचंद उम्र 45 वर्ष, शाबुद्दीन पुत्र जमालुद्दीन उम्र 60 वर्ष, जुबेर अंसारी पुत्र मारुदीन उम्र 43 वर्ष, याकुब पुत्र नौशाद उम्र 40 वर्ष, जान मोहम्मद पुत्र रजबूला 60 वर्ष, निवासीगण कलियर दरगाह, मौ. इमरान पुत्र मौ. इस्लाम उम्र 35 निवासी पश्चिम बंगाल कलकत्ता, शंकर सिहं पुत्र भगवान सिह निवासी अजमेर भगवानगंज राजस्थान उम्र 55, जसप्रीत सिहं जसवीर सिंह निवासी दमूटा तन्दोला गांव थाना आदमपुर जिला जालन्धंर उम्र 40, शहनवाज पुत्र रजाक निवासी हापुड़ थाना बाबूगंज हापुड़ उम्र 45 वर्ष, मौहम्मद हासिम पुत्र कासिम निवासी उन्नीस सेक्टर चण्डीगढ़ पंजाब उम्र 70 वर्ष, अब्दुल हसन पुत्र सलात्तुला निवासी कसरावल थाना इचोलिया जनपद लखीमपुर खीरी उम्र 50 वर्ष, असलम पुत्र इस्माईल निवासी सासनी थाना कोत0 जिला अलीगढ उम्र 56 वर्ष व कादिर पुत्र रशीद निवासी पहासू थाना सिकारपुर जिला बुलन्दशहर उ.प्र. उम्र 55 वर्ष बताए गए हैं। पुलिस ने सभी के खिलाफ विधिक कार्यवाही करते हुए उनका चालान कर दिया है।

# जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने क्वारब राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यों में तेज़ी लाने के दिये निर्देश

**पथ प्रवाह, अल्मोड़ा।**

जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने सोमवार को क्वारब में वैकल्पिक बाईपास मार्ग तथा राजमार्ग का स्थलीय निरीक्षण कर वर्षा के बाद मार्गो की स्थिति एवं संचालित कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने व्यापार मंडल प्रतिनिधियों के साथ पूरे वैकल्पिक बाईपास मार्ग का निरीक्षण किया तथा मार्ग को सुचारु एवं सुरक्षित बनाए रखने के लिए किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं को मुख्य मार्ग के सुधार के कार्यों में और तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजमार्ग पर आवागमन को जल्द सुचारू करने के लिए मशीनों की संख्या बढ़ाई जाए तथा कार्यों की नियमित निगरानी की जाए। उन्होंने कार्यों की साप्ताहिक प्रगति योजना तैयार कर उसके अनुसार कार्य करने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने यातायात व्यवस्था की समीक्षा करते हुए



अधिकारियों को ट्रैफिक की लगातार निगरानी रखने तथा किसी भी स्थिति में जाम की समस्या उत्पन्न न होने देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यात्रियों एवं स्थानीय लोगों को न्यूनतम असुविधा हो, इसके लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। इस अवसर पर व्यापार मंडल प्रतिनिधियों ने मार्ग निर्माण कार्यों, यातायात संचालन एवं स्थानीय समस्याओं के संबंध में अपनी चिंताओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया।

स्वामी/प्रकाशक वीरेन्द्र सिंह ने मुद्रक प्रमोद कुमार, जय माँ गंगा प्रिन्टर्स, राजराणा कॉम्पलैक्स निकट खाद गोदाम, जमालपुर कलां, ज्वालापुर, हरिद्वार (उत्तराखण्ड) से मुद्रित कराकर, मुख्य कार्यालयः 40 शांतिपुरम कॉलोनी जगजीतपुर, कनखल, हरिद्वार, उत्तराखंड 249408 (उत्तराखण्ड) से प्रकाशित किया। वीरेन्द्र सिंह (सम्पादक) 9411111733, डॉ सुशील शर्मा(उप संपादक) 9837906777 किसी भी वाद विवाद का निपटारा हरिद्वार में होगा। वेबसाईट- www.pathpravah.com